माघ माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 27 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 19 फरवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

अहमदाबाद ब्लास्ट केस: 38 को सजा-ए-मौत

11 दोषियों को आजीवन कारावास, 70 मिनट में 21 धमाकों से दहल गया था देश, : सड़क पर लाशें, हर तरफ चीख-पुकार, घंटेभर में रुक गई थीं 56 लोगों की सांसें

नई दिल्ली/अहमदाबाद: अहमदाबाद में 2008 में हुए बम धमाकों के दोषियों को 13 साल बाद सजा सुनाई गई है। गुजरात की विशेष अदालत इस सीरियल बम ब्लास्ट के 38 दोषियों को सजा-ए-मौत दी है। वहीं 11 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने पिछले मंगलवार को इस मामले में सुनवाई पूरी कर ली थी और 49 लोगों को पहले ही दोषी करार दिया था।

28 आरोपियों को बरी कर दिया गया था: अदालत ने इस मामले में 49 लोगों को दोषी करार दिया था और 28 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। 13 साल से अधिक पुराने इस मामले में अदालत ने पिछले साल सितंबर में मुकदमे की कार्यवाही पूरी कर ली थी। पुलिस ने दावा किया था कि आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े लोगों ने साल 2002 में गुजरात दंगों का बदला लेने के लिए इन हमलों को अंजाम दिया था, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के कई लोग मारे गए थे।

एक के बाद एक धमाकों से हिल गया था अहमदाबाद: 26 जुलाई 2008 को 70 मिनट की अवधि में हुए 21 बम धमाकों ने अहमदाबाद को हिला कर रख दिया था। इन हमलों में 56 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक घायल हुए थे।

संविधान मायने नहीं रखता, कुरान का फैसला मानेंगे: मास्टरमाइंड नागौरी

भोपाल: अहमदाबाद बम ब्लास्ट-2008 मामले में 38 आतंकियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। इनमें से स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया के 6 आतंकी भोपाल की केंद्रीय जेल में बंद हैं। इनमें ब्लास्ट का मास्टरमाइंड सफदर नागौरी भी शामिल है। फांसी की सजा की खबर मिलने के बाद भी नागौरी नॉर्मल दिखा। उसने जेल अधीक्षक दिनेश नरगावे से कहा कि संविधान हमारे लिए मायने नहीं रखता। हम कुरान का फैसला मानते हैं। नरगावे के मुताबिक, केंद्रीय जेल भोपाल में 5 साल पहले जब नागौरी को शिफ्ट किया था, तब वह जेल अधिकारियों-कर्मचारियों को खुलेआम धमकी देता था कि तुम्हारी इतनी औकात नहीं है, जो हमें ऑर्डर करो। वह राष्ट्रीय पर्व, राष्ट्रगान के दौरान अजीब हरकतें करता है। अधिकारियों को बोलता है कि हम देशभर की जेल में घूम चुके हैं।

इन्वेस्टिगेशन टीम: जांच टीम 4 महीने घर नहीं जा पाई

अहमदाबाद: 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के आरोपियों को आखिरकार सजा मिल गई है। कोर्ट ने 49 आरोपियों में से 38 को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि 11 आरोपी ताउम्र जेल में रहेंगे। पहली बार किसी केस में एक साथ इतने आरोपियों को फांसी सुनाई गई है। इस केस के लिए बनी जांच टीम में शामिल रहे पुलिस अधिकारी आरवी असारी से बात की। अहमदाबाद के जॉइंट पुलिस कमिश्नर असारी ने बताया कि किस तरह पूरे देश से आतंकियों को तलाश करने के बाद पकड़ा गया।

बम विस्फोट के वक्त मैं गोधरा में ड्यूटी पर था: असारी के मुताबिक, '26 जुलाई, 2008 को जब अहमदाबाद में सीरियल बम विस्फोट हुआ था, तब मैं गोधरा में ड्यूटी पर था। मेरे पास फोन आया कि आप तुरंत अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को रिपोर्ट करें। अगले दिन 27 तारीख को मैं अहमदाबाद क्राइम ब्रांच में मौजूद था। पूरे राज्य में इस आतंकी हमले की चर्चा हो रही थी। हमारी जांच टीम को यह पता लगाने का टास्क दिया गया कि इस हमले के पीछे कौन हैं और उन्हें दंडित कराया जाए।'

दाणीलीमड़ा बिल्डिंग में मिली बम बनाने वाली कड़ी: 'मेरे वरिष्ठ अधिकारी अभय चुडासमा ने मुझे यह पता लगाने का काम सौंपा कि आतंकवादियों ने ब्लास्ट्स में यूज सामग्री कहां तैयार की थी और बम कहां बनाए गए थे। साथ ही इसके सारे सबूत इकट्ठा करने को कहा। इस बीच कई अधिकारी मेरी टीम में शामिल हो गए और हम धीरे-धीरे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे ।

कि आईडी (प्लास्टिक एक्सप्लोसिव) को रखने की जगह और इससे जुड़ी संदिग्ध सामग्री कहां मिल सकती है। इस दौरान पर मुझे एक लिंक मिला, जिससे पता चला कि आतंकवादियों ने दाणीलीमड़ा इलाके के एक घर में बम रखा था, इसकी सूचना मैंने अपने अधिकारी को दी और हम वहां पहुंच गए।

उस समय हमें जो टिप्स मिले थे, उनसे आतंकवादी गतिविधि के पक्के सबूत हासिल हो गए।'

'चार महीने घर नहीं गए, दिन-रात करते थे काम'

टीम के ऊपर जल्द से जल्द पूरा केस खोलने का दबाव था। इसके चलते हमने चार महीने तक दिन-रात लगकर काम किया।

ये 29 निर्दोष छूटे

जाहिद शेख (31) अहमदाबाद
नवेद कादरी (23) अहमदाबाद
रजीयद्दीन नासर (32) हैदराबाद
उमर कबीरा (33) सुरेंद्रनगर
सलीम सिपाही (37) अहमदाबाद
मोहम्मद जाकिर (26) ठाणे
मुबीन शेख (24) पुणे
मोहम्मद मंसूर (31) पुणे
साकिब शेख (23) उत्तर प्रदेश
ईदी सैनुद्दीन (58) हैदराबाद
अनवर बागवान (25) हैदराबाद
मोहम्मद यासीन (27) कर्नाटक
मोहम्मद इरफान (35) मध्य प्रदेश
नासिर अहमद (25) कर्नाटक
शकील अहमद (32) कर्नाटक
नदीम सैयद (33) कर्नाटक
असदुल्लाह असद (34) कर्नाटक
मोहम्मद समी (25) कर्नाटक
अहमद बेग मिर्जा (35) कर्नाटक
कामरान साहिद (28) मध्य प्रदेश
मोहम्मद जहीर पटेल (32) भरूच
मोहम्मद युनुस (33) मध्य प्रदेश
हसीबरजा सैयद (43) अहमदाबाद
मोहम्मद हबीब (25) उत्तर प्रदेश
मोहम्मद शाहिद नागौरी (27) मध्य प्रदेश
अब्दुल सत्तार (29) केरल
अफाक इकबाल (29) झारखंड
मंजर इमाम (33) झारखंड
सुहेब पोट्टनिकल (48) केरल

पंजाब में वोटिंग से पहले सिख हस्तियों से मिले पीएम

मेरे खून में सिखी और सेवा; सिखों के लिए दिल से काम करता हूं: मोदी

नई दिल्ली: पंजाब में वोटिंग से 2 दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सिख शख्सियतों से मुलाकात की। इनमें दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका, यमुनानगर के महंत कर्मजीत सिंह, पंजाब से संत बलवीर सिंह सीचेवाल समेत कई हस्तियां शामिल थी। महंत कर्मजीत सिंह के मुताबिक बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि उनके खून में सिखी और सेवा है। वह सिखों के लिए दिल से काम करते हैं। सिख हस्तियों ने सिख समाज के लिए किए काम के बदले पीएम मोदी की सराहना की।

डीएसजीएमसी अध्यक्ष ने भी की पीएम की सराहना: डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने कहा कि सिख विरोधी दंगों के दोषियों को सजा दिलाने के लिए पीएम ने एसआई बनाई। श्री गुरुनानक देव जी के पवित्र स्थल श्री करतारपुर साहिब के लिए कॉरिडोर खुलवाया। उन्होंने कहा कि ऐसी कई ऐतिहासिक बातें हुई हैं। महंत कर्मजीत सिंह ने कहा कि पीएम ने छोटे-बड़े साहिबजादों की याद में वीर बाल दिवस की घोषणा की। गुरु के लंगर से जीएसटी हटवाया। ऐसे कई काम उन्होंने सिख समाज के लिए किए हैं।

सिरसा बोले- सिख समाज के मुद्दों पर बात हुई: भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सिखों से जुड़े कई मामले हैं।

सीएए विरोध: नुकसान की भरपाई के नोटिस वापस लिए

नई दिल्ली/लखनऊ: उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के विरोध में प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध शुरू की गई समस्त कार्रवाई और भरपाई के लिए जारी नोटिस वापस ले लिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अब तक की गई वसूली को लौटाने (रिफंड) के आदेश दिए हैं। हालांकि शीर्ष कोर्ट ने यूपी सरकार को नए कानून के तहत कार्रवाई करने की आजादी दे दी है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के पहले के फैसले के मुताबिक, इस तरह के मामलों में नुकसान के आकलन और भरपाई का आदेश हाईकोर्ट या कोई न्यायिक संस्था की तरफ से आना चाहिए था लेकिन यूपी में जिला प्रशासन ने लोगों को नोटिस भेजे हैं। याचिका में कहा गया है कि ये नोटिस इसलिए भी अवैध हैं क्योंकि यूपी में इसे लेकर कोई कानून नहीं है।

बुनियादी ढांचा के लिए निवेश बढ़ाने की जरूरत: वित्त मंत्री

नई दिल्ली: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण की कमी को पाटने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में समावेशी विकास के लिए नए वित्त पोषण तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है। सीतारमण ने शुक्रवार को इंडोनेशिया की अध्यक्षता में चल रही जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक में भाग लेते हुए यह बात कही। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी-20 देशों के ।

महाराष्ट्र को तोहफा पीएम मोदी ने नई रेल लाइनों का किया उद्घाटन

मुंबई: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र को बड़ी सौगात दी। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ठाणे और दिवा को जोड़ने वाली दो अतिरिक्त रेलवे लाइनों का उद्घाटन किया। इसके अलावा वह उपनगरीय रेलवे की दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कल छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती है। मैं भारत के गौरव, पहचान और संस्कृति के रक्षक देश के महानायक के चरणों में प्रणाम करता हूं। जयंती से एक दिन पहले ठाणे-दिवा के बीच नई बनी पांचवीं और छठीं रेल लाइन के शुभारंभ पर हर मुंबई निवासी को बहुत बहुत बधाई। पीएम मोदी ने आगे कहा कि नई रेल लाइन मुंबई वासियों के जावन में बड़ा बदलाव लाएगी। यह नई रेल

लाइन मुंबई की कभी न थमने वाली जिंदगी को और अधिक रफ्तार देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब से लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए अलग-अलग रेल लाइन हो जाएंगी। कल्याण से कुर्ला सेक्शन तक मेल और एक्सप्रेस गाड़ियां बिना अवरोध के चलाई जा सकेंगी। हर रविवार को होने वाले ब्लॉक के कारण कोलाबा और मुंब्रा के परेशानियां भी दूर होंगी। बीते सात साल में मुंबई में मेट्रो का भी विस्तार किया गया है। मुंबई उपनगरीय रेल सेवा को आधुनिक सुविधाओं से भी लैस किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नई रेल लाइन मुंबई वासियों के जीवन में एक बड़ा बदलाव लाएंगी, उनके जीवन को आसान बनाएंगी। आज से सेंट्रल रेलवे लाइन पर 36 नई लोकल चलने जा रही हैं। इनमें से भी अधिकतर वातानुकूलित ट्रेनें हैं। ये लोकल की सुविधा को विस्तार देने, लोकल को आधुनिक बनाने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

'मैं दुनिया का पहला स्वीट आतंकवादी हूं : केजरीवाल

नई दिल्ली: पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 से पहले डॉ कुमार विश्वास के 'खालिस्तान' और केजरीवाल से जुड़े बयानों पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जवाब दिया है। कुमार विश्वास, राहुल-प्रियंका और प्रधान मंत्री के आरोपों के संबंध में केजरीवाल ने कहा कि तमाम बयान हास्यास्पद हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि 'मैं दुनिया का पहला 'स्वीट आतंकवादी' हूं, जो लोगों के लिए स्कूल बनवाता हूं, अस्पताल बनवाता हूं, बिजली ठीक करता हूं। अंग्रेज भगत सिंह से खौफ खाते थे। इसलिए उन्हें आतंकवादी बोलते थे। मैं भगत सिंह का चेला हूं। उल्लेखनीय है कि पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है। इससे पहले आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में एक डॉ कुमार विश्वास ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना एक बयान में आरोप लगाया था ।

खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता आज 19 फरवरी से नैनी में

प्रयागराज। स्थानीय नैनी स्थित एडीए कॉलोनी के शिवाजी पार्क में आज 19 व 20 फरवरी 2022 को दो दिवसीय राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रदेश की ख्यातिलब्ध टीमों में एन.ई.रेलवे गोरखपुर, डी.एल.डब्लू वाराणसी, जाट रेजिमेंट बरेली, गाजीपुर, मिजार्पुर, सोनभद्र व साईं हॉस्टल रायबरेली के साथ-साथ प्रयागराज जनपद की प्रमुख टीमों को आमंत्रित किया गया है। श्री शुक्ल ने समस्त आमंत्रित टीमों के खिलाड़ियों के साथ-साथ जिले के पंजीकृत निर्णायकों से अपील की है कि वे निर्देशित क्रीडा स्थल पर 19 फरवरी 2022 को प्रातः10 बजे तक पहुंचकर आयोजन को सफल बनावें।

ऑफलाइन परीक्षा के विरोध में छात्रों ने विवि के मुख्य गेट पर जड़ा ताला

अखंड भारत संदेश

22 अप्रैल से प्रस्तावित है स्नातक द्वितीय तृतीय वर्ष की परीक्षा

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 22 अप्रैल से प्रस्तावित स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा को ऑफलाइन मोड में कराने का विरोध जोर पकड़ता जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा कराने की मांग को लेकर छात्रों ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी जमकर हंगामा किया। आक्रोशित छात्र पूरी रात कैंपस में डटे रहे। सुबह विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। छात्रों के आंदोलन को देखते हुए कैंपस में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 22 अप्रैल से स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रस्तावित है। परीक्षाएं आफलाइन मोड में कराई जाएंगी। इसका छात्र पुरजोर विरोध कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि परीक्षा ऑनलाइन मोड में कराई जाए और इसके लिए वह बुधवार से ही आंदोलन, धरना और प्रदर्शन कर रहे हैं।

विवि कैंपस में पुलिस से नोकझोंक करते छात्र

विवि कैंपस में देर रात तक डंटे रहे छात्र कई थानों की फोर्स रही मुस्तैद

गुरुवार की देर रात तक छात्रों का हंगामा चलता रहा। छात्र पूरी रात परिसर में ही डंटे रहे। सुबह नौ बजे छात्रों का हुजूम पहुंचते ही भारी पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया। कैंपस में कई थानों की पुलिस भी पहुंच गई. गुरुवार को इस मामले को लेकर छात्रों की पुलिस से तीखी नोकझोंक भी हुई थी। परीक्षा नियंत्रक ने छात्रों की मांगों पर विचार करने के लिए 14 दिनों का वक्त भी मांगा था, लेकिन छात्र तुरंत निर्णय लेने की मांग पर अड़े हैं। कोरोना से अभिभावकों को खोने वाले छात्रों की पूरी फीस माफ करेगा इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय समेत संघटक कालेजों में कोरोना में अभिभावकों को खोने वाले छात्रों को मुफ्त में प्रवेश दिया जाएगा। सत्र 2021-22 की पूरी फीस माफ करने के साथ हास्टल शुल्क में 50 फीसद की भी राहत दी जाएगी। माता-पिता दोनों को खोने वाले छात्र-छात्राओं को ही इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। विवि पूर्व में लिए गए इस निर्णय को अब लागू करने की तैयारी कर रहा है।

न्यूज झरोखा

इंजी जगदीश सिंह यादव भाजपा की सदस्यता एवं पद से दिया स्तीफा, पार्टी संगठन से नाराज होकर प्रदेश अध्यक्ष को लिखा पत्र

करछना। आपको अवगत कराना है कि आपका कार्यकर्ता इंजीनियर जगदीश सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा यमुना पार प्रयागराज भारतीय जनता पार्टी में पदभार के साथ मैंने अपने उत्तर दायित्व का ईमानदारी के साथ निर्वहन किया साथ में यादव दलित पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक को अपने व्यक्तिगत व्यवहार से पार्टी की नीतियों से जोड़ा लेकिन हमें विश्वास हो गया कि समाज के अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग दलित को पार्टी ने विश्वास में नहीं रक्खा जिससे दुखी होकर और समाज के सभी वर्गों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए अपने प्राथमिक सदस्यता एवं पद भार से त्यागपत्र देता हूं । साथ ही साथ मैं व्यक्तिगत रूप से समाज सेवा करता रहूंगा। डॉक्टर जयप्रकाश सहसंयोजक ट्रस्ट भाजपा यमुनापार प्रयागराज ने भारतीय जनता पार्टी के नीतियों से दुखी होकर प्राथमिक सदस्यता एवं पद से त्यागपत्र संयुक्त रूप से आपको प्रेषित कर रहे हैं । साथ ही साथ समाज सेवा के लिए कृत संकल्प है।

कांग्रेस पार्टी ही कर सकतीहै क्षेत्र व देश का विकास डा दिनेश सोनी

करछना। काग्रेस पत्यासी सुनील पटेल के लिए विभिन्न गाँव सभाओं सोनाई लिगदहिया लखरांवा भटेरवा चनैनी हर दुआ कपठुआ में घर घर जाकर पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया व बूथ अध्यक्षों से मिल कर पार्टी व प्रत्याशी सुनील पटेल के लिए पदाधिकारियों सहित पूरी तनमन्ता से जुट जाने की अपील किया समपर्क करने वालों में सर्व श्री डा दिनेश कुमार सोनी रोशन लाल पटेल पवनेश कुमार आशीष कुमार मिश्र एडो वृजेश कुमार राम मणि दिवेदी आदि लोगों ने जन जन से मिल कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील किया उधर पक ाश पाण्डेय जी ने भी मनैमा पिपरांव मुंगारी जगदीश पुर बहरहाल में कांग्रेस पत्यासी कोजिताने के लिए जनता से अपील किया व प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात किया प्रकाश पाण्डेय एडो गणेश पाल सन्तोष दिवेदी राजेश तिवारी आदि लोगों ने घर प्रचार किया।

मंदिर में मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा, वितरित हुआ प्रसाद

करछना। विकास खंड क्षेत्र के हरदुआ गांव में बम्बा देवी मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन के साथ मंदिर में शीतला माता जी की प्रतिमा स्थापित की गई। मां बम्बा देवी मंदिर में मां शीतला की प्रतिमा स्थापित कर उसका प्राण प्रतिष्ठा का कार्य आचार्य पं. राम जी के मंत्रोच्चारण के साथ पुजारी राहुल मिश्र व गाँव के अन्य भक्तों की उपस्थिति में मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा हवन पूजन के साथ किया गया। इसके पूर्व प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ गांव के देव स्थानों में भ्रमण कर पूजा अर्चना की गई। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई।इस अवसर पर लोगों को प्रसाद भी वितरित किया गया।

रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रोता हुए आनंदित

कथा का रसपान करते श्रोता भक्त एवं कथा का श्रवण कराते आचार्य गौरव जी महाराज।

अखंड भारत संदेश

सहसों। सहसों बाजार स्थित हरी राम सिंह एवं राजेंद्र सिंह के संयोजन में चल रही संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास आचार्य गौरव जी महाराज ने कंस वध, मथुरा गमन तथा रूक्मिणी विवाह का सजीव वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही सभी भक्तों को मोक्ष तथा सुख समृद्धि की प्राप्ति हो जाती है। रुक्मणी विवाह का प्रसंग का रसपान कराते हुए कहा कि रुक्मणी के भाई ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल नंद के लाला भगवान श्री कृष्ण जी को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी था। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी हैं। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत में भगवान श्रीद्वारकाधीश जी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण करते हुए वरण किया। रुकमणी विवाह प्रसंग पर भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मिणी की झांकी पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने फूल बरसाते हुए भगवान श्री कृष्ण के जयकारे से पूरा पंडाल कृष्ण मय हो गया। रुक्मणी विवाह प्रसंग पर कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखमय रहता है। कथा विश्राम पर मुख्य असमान ने व्यासपीठ एवं मंडप में आवाहित देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कथा श्रवण करने वालों में विनय सिंह, संजय सिंह, राजेश सिंह, राकेश सिंह, दिनेश सिंह, हिमांशु , अभय, दिनेश, चंद्र प्रकाश केसरवानी, अशोक केसरवानी, शिवा कांत तिवारी, आलोक सिंह सहित क्षेत्र के भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

हर घर में जाकर प्रत्येक मतदाता को करें प्रेरित

सहसों। गांव से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक के पदाधिकारी कार्यकताओं के साथ चुनाव की सफलता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। शुभ विचार क्षेत्र के उमरी गांव में संजय सिंह के आवास पर गुरुवार की शाम तेरहवीं के आयोजन पर उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं सहित उपस्थित जनमानस को सफलता के मूल मंत्र दिये। उन्होंने कहा राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के लिए सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी घर घर जाकर पार्टी के नीतियों से प्रत्येक मतदाता को अवगत कराएं। संगठन के उद्देश्य तथा सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण विकास के कार्यों को जन जन तक पहुंचा कर मजबूती के साथ गांव के हर नागरिक तक अपनी बात अवश्य पहुंचाएं। उन्होंने कहा मतदान के दिन सभी कार्यकर्ता सक्रिय होकर सभी घरों से मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करें। ताकि अधिक से अधिक लोग बूथ पर जाकर मतदान करें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र सिंह यादव, जिला अध्यक्ष किमो लक्ष्मी शंकर , भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रधान सहसों विष्णु केसरवानी, राजेन्द्र केसरवानी,जितेन्द्र सिंह, अनिल सरोज, प्रधान शांति देवी, चंद्रभान सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

यमुनापार के बारा में विनोद सोनकर,मेजा में सांसद रीता बहुगुणा जोशी का जनसम्पर्क आज

शंकरगढ। भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के चारो विधानसभा मे प्रत्याशियों का दिनों-दिन प्रचार-प्रसार जोरदारी के साथ चल रहा है। इस बार भाजपा-अपनादल-निषाद पार्टी के संयुक्त गठबंधन और सरकार के विकास कार्यों से आम नागरिकों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सांसद कौशांबी विनोद सोनकर का शंकरगढ़ मंडल के विभिन्न गांवों मे भाजपा-अपनादल-निषाद पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी बाचस्पति के समर्थन हेतु जनसम्पर्क करेंगे। वही सांसद प्रयागराज प्रो.रीता बहुगुणा जोशी का जनसम्पर्क मेजा विधानसभा में भाजपा के संयुक्त प्रत्याशी नीलम करवरिया के समर्थन हेतु विभिन्न गांवों में रखा गया है। साथ ही सभी विधानसभाओं में प्रवासी,जिला,मंडल,शक्ति केन्द्र, बूथों के कार्यकताओं के साथ क्षेत्रीय विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोग भी भाजपा का समर्थन करते हुए भाजपा के समर्थन हेतु जनसम्पर्क कर रहे है।

राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता आज से शिवाजी पार्क नैनी में

प्रयागराज। स्थानीय नैनी स्थित एडीए कॉलोनी के शिवाजी पार्क में आज 19 व 20 फरवरी 2022 को दो दिवसीय " राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता " का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रदेश की ख्यातिलब्ध टीमों में एन.ई.रेलवे गोरखपुर, डी.एल.डब्लू वाराणसी, उत्तर प्रदेश पुलिस, जाट रेजिमेंट बरेली, गाजीपुर, मिजार्पुर, सोनभद्र व साईं हॉस्टल रायबरेली के साथ-साथ प्रयागराज जनपद की प्रमुख टीमों को आमंत्रित किया गया है। श्री शुक्ल ने समस्त आमंत्रित टीमों के खिलाड़ियों के साथ-साथ जिले के पंजीकृत निर्णायकों से अपील की है कि वे निर्देशित क्रीडा स्थल पर 19 फरवरी 2022 को प्रातः10 बजे तक पहुंचकर आयोजन को सफल बनावें।

1550 मतदान कर्मियों ने किया मतदान,चुनाव ड्यूटी के कारण मिला सबसे पहले मौका

प्रयागराज। 27 फरवरी को विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव ड्यूटी करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने के लिए पहले मौका दिया जा रहा है। गुरुवार को बिशप जानसन और मैरी लूकस स्कूल एवं कॉलेज में मतदान करने की व्यवस्था शुरू की गई है। यहां पहले दिन 1550 मतदानकार्मियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और प्रयागराज में अब मतदान का शुभारंभ हो गया। यहां चार दिन मतदानकर्मियों को मतदान करने की व्यवस्था रहेगी। मतदान पोस्टल बैलेट जरिए कराया गया और इसके नोडल अधिकारी अजीत सिंह बनाए गए हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान यह मतदानकार्मिक चुनाव कराएंगे इसलिए मतदान के पहले ही इन्हें अपना मतदान करने का अवसर दिया गया है। यहां सभी 12 विधानसभा सीटों के लिए अलग अलग काउंटर बनाए गए हैं और यहां पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कराया गया।

निर्माणाधीन पशु पाली क्लीनिक का किया आकस्मिक निरीक्षण

ग्राम पंचायत कांटी में बन रहे पशु पाली क्लीनिक के निरीक्षण में निदेशक डा. इंद्रमणि चौधरी ने देखी कई खामियां

अखंड भारत संदेश

जसरा के ग्राम पंचायत कांटी में सवा छह करोड़ की लागत से बन रहे पशु पाली क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण करते निदेशक डा. इन्द्रमणि चौधरी

जसरा। ग्राम पंचायत कांटी में सवा छःकरोड़ की लागत से निमार्णाधीन पशु पाली क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए उत्तर प्रदेश शासन के निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉक्टर इंद्रमनि चौधरी मौके पर पहुंच गए। बिल्डिंग में अनियमितताओं का अंबार देखकर बिफर पड़े और तत्काल डिप्टी सीबिओ को जांच कराकर रिपोर्ट निदेशक कार्यालय भेजने को कहा है। निरीक्षण के दौरान श्री चौधरी ने बिल्डिंग में लगी ईटों एवं मसालों की गुणवत्ता देखकर बहुत नाराज हुए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय टेक्निकल समिति द्वारा तत्काल इसकी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि पूरे कैंपस में मिट्टी का भराव नहीं होने के कारण इसमें जलभराव की गंभीर स्थिति होने का खतरा है। जिससे निमार्णाधीन इमारत को गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। निदेशक ने वहां पर मौजूद ठेकेदार के मुंशी पिंटू को निर्देशित किया कि ठेकेदार द्वारा इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन प्रयागराज से हमारी तत्काल वार्ता कराएं। निदेशक ने भवन के अंदर कई जगहों पर ईंटों में लोना लगने की समस्या को देखते हुए इसके लिए ठेकेदार को दोषी बताया। जब कि निमार्णाधीन भवन में कई जगहों पर भवन में दरारें पाई गई। जिसको तुरंत ठीक करवाने का निर्देश ठेकेदार को दिया गया। निदेशक ने टाइप 4 क्वार्टर में मिट्टी भराव न होने के कारण नाराजगी जाहिर किया और ठेकेदार से मिट्टी भराने के लिए निर्देशित किया। दूरभाष पर ठेकेदार ने बताया कि हमारे पास मिट्टी भरवाने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस पर निदेशक श्री चौधरी ने संबंधित अधिकारी से स्टीमेट बनवाकर निदेशक कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा है जिससे मिट्टी भराने के लिए बजट उपलब्ध कराया जा सके। ठेकेदार के द्वारा यह भी बताया गया कि बिल्डिंग हैंड ओवर के लिए तैयार है। जिस पर निदेशक ने कहा कि बिल्डिंग में बहुत सारी खामियां हैं। जब तक पूरा नहीं होगा तब तक उसे हैंड ओवर नहीं किया जा सकता है। निदेशक डॉक्टर इंद्रमणि चौधरी ने बताया कि पशु पाली क्लीनिक की बिल्डिंग पर लागत कुल लागत सवा 6 करोड़ खर्च करने के बावजूद बिल्डिंग में भारी खामियां ही खामियां हैं। इस अवसर पर उप मुख्यपशु चिकित्साधिकारी डा०पीएन शुक्ल, डा०सुनील कुमार मिश्र, इंद्रजीत सिंह पशुधन प्रसार अधिकारी जसरा, ग्राम प्रधान कांटी लालचन्द्र सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

भगवान का भजन मनुष्य को मृत्यु के ग्रास से सुरक्षित निकाल लेता है : पं निर्मल कुमार शुक्ल

भागवत कथा लौआ कोन कोरांव प्रयाग राज तृतीय दिवस

अखंड भारत संदेश

भागवत कथा का कहते पं. निर्मल कुमार शुक्ल

भागवत कथा का आनंदपूर्वक श्रवण करते कथा में आये श्रद्धालु

पसना। शुद्ध हृदय से किया हुआ भजन कभी निष्फल नहीं जाता भागवत महापुराण में ऐसे अनेकों भक्तों की कथा आती है जिन्होंने मृत्यु के भय से मजबूरी में परमात्मा का स्मरण किया और भगवान ने उन्हें मृत्यु के मुख से पूर्णतः सुरक्षित निकाल लिया। लौआ कोन मे पं निर्मल कुमार शुक्ल ने पं राम रक्षा मिश्र द्वारा आयोजित भागवत कथा में तृतीय दिवस उक्त उद्गार व्यक्त किया।आपने गजेन्द्र मोक्ष की मार्मिक व्याख्या करते हुए कहा कि गजराज ने कभी भी तीर्थ व्रत सत्संग दान पुण्य नहीं किया सदैव विषय भोगों में डूबा रहा।एक दिन प्रचंड गर्मी में प्यास से व्याकुल होकर अपनी अनेकों हथिनियों के साथ जल की तलाश में भटक रहा था एकाएक एक सरोवर मिला जिसमें स्वक्ष जल भरा हुआ था।उस सरोवर का जल पीकर ए जल विहार करने लगा उसी समय सरोवर में रहने वाला एक ग्राह आया और हांथी का पैर पकड़ लिया। बहुत दिनों तक युद्ध हुआ अंत में उसके साथ आई हुई हथिनियों और उसके बेटों ने उसे त्याग दिया सब चले गए।आज गजराज को लगा कि अब मेरे प्राण नहीं बचेंगे वहीं एक कमल का फूल खिला था बस वही कमल पुष्प सूंड में उठाकर गजेन्द्र परमात्मा को पुकारने लगा। बड़ी ही करुणा से भरी हुई पुकार थी चारों ओर गज की चिंघाड़ गूंजने लगी बस क्या था सर्व व्यापक परमात्मा उसी कमल पुष्प से ही प्रकट हो गए तथा सुदर्शन चक्र से ग्राह का मुंह फाड कर डूबते हुए गजराज को बचा लिया। भागवत में इसे गजेन्द्र मोक्ष के नाम से जाना जाता है। कोई कितने भी बड़े संकट में पड़ा हुआ हो भयंकर रोगों से ग्रस्त हो शत्रुओं से घिरा हो ऐसी अवस्था में गजेन्द्र मोक्ष का पाठ अवश्य करना चाहिए।इसी लिए भगवान को अकारण करुणा वरुणालय कहा जाता है।इसकी आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए शुक्ल जी ने कहा कि ए संसार ही एक सरोवर है इसमें रहने वाला जीव ही गजराज है तथा परिवार कुल कुटुंब यही सब हथिनियों का झुंड है।जब तक मनुष्य की भुजाओं में धन कमाने की शक्ति है तब तक सब जान छिड़कते हैं लेकिन मृत्यु रूपी ग्राह के मुंह में पड़ते ही सब छोड़ कर चले जाते हैं।ऐसी अवस्था में केवल परमात्मा की कृपा ही जीव का आश्रय बनती है।इसी के साथ आचार्य जी ने जडभरत की मार्मिक कथा सुना कर विशाल श्रोता समूह को भाव विभोर कर दिया।वृत्ता सुर तथा भक्त प्रह्लाद की मनोहारी कथा में सब मंत्र मुग्ध हो गये।आपने कहा कि आज तक भगवान के जितने अवतार हुए सब सार्वजनिक काम के लिए हुए थे । विप्र धेनु सुर संत हित लीन मनुज अवतार। किंतु एक मात्र प्रह्लाद ही ऐसे भक्त है जिनके लिए नृसिंह अवतार लेकर भगवान ने हिरण्यकशिपु का वध किया और अपने प्रिय भक्त प्रह्लाद को एक कल्प तक सुतल लोक का राज्य प्रदान किया।

कल 19 फरवरी को वामन अवतार मोहिनी अवतार कच्छप अवतार तथा राम और कृष्ण अवतारों की कथा होगी। कथा के यजमान रामरक्षा मिश्र तथा व्यवस्थापक जमुना प्रसाद मिश्र ने सभी श्रद्धालु श्रोताओं से अधिकाधिक संख्या में कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है : हरिप्रपन्नाचार्य महाराज

जंघई। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आरंभ नेदुला गांव में शुक्रवार को हुआ। भागवत कथा महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए प्रथम दिन प्रयाग पीठाधीश्वर शक्तिपीठ चक्र सुदर्शनपुरी रामानुजाचार्य हरि प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानवजाति तक पहुंचाता रहा है। भागवतपुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है। इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण का बखान किया कहा कि सबसे पहले सुखदेव मुनि ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी, उन्हें सात दिनों के अंदर तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है।इस अवसर पर मुख्य यजमान अखिलेश दुबे, ज्योति दुबे, अवधेश कुमार दुबे, मिथिलेश कुमार दुबे, मानस भास्कर अनुज महाराज, आचार्य अंबुज द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला, वेदप्रकाश, आदित्य, संस्कार, अद्विक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

फजीर्वाड़ा कर दुकान हड़पने में चार पर मुकदमा

प्रयागराज। पुरावल्दी कीडगंज निवासी गोविंद प्रसाद ने कोर्ट के आदेश पर मीना तिवारी, उनके बेटे जलज, पीयूष तिवारी और प्रिया के खिलाफ साजिश, फजीर्वाड़ा और गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

आरोप लगाया है कि फजीर्वाड़ा करके दुकान को हड़पने की कोशिश की गई है। आरोपी मीना तिवारी के पति अरुण कुमार तिवारी नगर निगम में कार्यरत थे। अब उनकी मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी ने कोर्ट में फर्जी डाक्यूमेंट्स लगाकर अपने पक्ष में आदेश करा लिया। कोर्ट को भी गलत जानकारी देकर गुमराह करने की कोशिश की गई है। इस मामले में कीडगंज पुलिस का कहना है कि छानबीन के बाद असलियत का पता चलेगा। साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी लोग अपने मत का प्रयोग अवश्य करें-मण्डलायुक्त, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शपथ लेते अधिकारी

प्रयागराज। मण्डलायुक्त संजय गोयल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत सेंट एंथोनी इण्टर कालेज में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। सेंट एंथोनी कालेज में छात्राओं द्वारा बनायी गयी रंगोली का अवलोकन किया तथा कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया।

मण्डलायुक्त ने जनपद में व्यापक स्तर पर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए जिलाधिकारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबका मतदान करना आवश्यक है, इससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, जो भी वोटर है, वे अपना मतदान अवश्य करें तथा अपने परिवार तथा अपने आस-पास के लोगो को वोटिंग करने के लिए प्रेरित करें तथा जो अभी वोटर नहीं है, वे भी अपने परिवार, परिचित तथा आस-पास के लोगो को वोटिंग करने के लिए प्रेरित करें, तभी तो एक अच्छी सरकार का चयन होगा। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप ही देश के भविष्य है तथा सभी लोगो से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग मतदान अवश्य करें, जिससे सशक्त सरकार का चयन हो। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए 27 फरवरी को मतदान अवश्य करें। सभी लोग अपने परिवार सहित अन्य लोगो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इंसान के पास आजादी है कि वे स्वतंत्र होकर अपने मत का प्रयोग कर सकता है। मतदान करने का अधिकार है, यही तो लोकतंत्र है। उन्होंने मूवी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक्टर को बीच-बीच में समस्यायें बहुत आती है, लेकिन अन्त में विजय प्राप्त कर ही लेता है। अगर आप कठिन परिश्रम करेंगे, तो आपको अंतरात्मा से बहुत खुशी मिलेगी। इसलिए जो भी मतदाता है, वे अपना मतदान अवश्यक करें तथा जो मतदाता नहीं है वे अपने परिवार तथा आस-पास के लोगो को मतदान के प्रति प्रेरित करें। तत्पश्चात किदवई गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं ने गीत के माध्यम से लोगो को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता अभियान में अच्छा कार्य करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा वहां उपस्थित लोगो को मतदान करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्टेट प्रथम शुभम श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक आर0एस0 विश्वकर्मा, दिव्यांगजन अधिकारी नन्द किशोर सहित कालेज की प्रधानाचार्य के अलावा कालेज की छात्रा/छात्राएं उपस्थित रही। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुपम परिहार एवं एकता तिवारी को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया गया।

साइबर ठगों ने महिला व एक डॉक्टर को बनाया निशाना, खाली कर दिए अकाउंट

प्रयागराज। साइबर ठगों ने सिविल लाइंस की एक महिला और एक डॉक्टर को झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। सिविल लाइंस में रहने वाले डॉक्टर हरेंद्र दीक्षित ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि 28 जनवरी को साइबर ठगों ने फोन करके बैंक संबंधित जानकारी ली और उनके बैंक खाते से लगभग 75000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिया। ठगी का शिकार होने के बाद उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। 15 फरवरी को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इसी तरह ताशकंद मार्ग सिविल लाइंस निवासी सुचिता ने एफआईआर दर्ज कराई है कि एक मोबाइल कवर के संबंध में कस्टमर केयर पर संपर्क किया। साइबर ठगों ने उन्हें एक मैसेज भेजा और कहा कि उसमें डेबिट कार्ड की डिटेल देना है। इसके लिए सिर्फ पांच रुपये खर्च होगा। झांसा देकर जानकारी हासिल कर ली। इसके अलावा साइबर ठगों ने एनीडेस्क एप भी डाउनलोड करा दिया और मोबाइल हैक करके उनके बैंक खाते से 25000 ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिया।

सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन घायल, अस्पताल में भर्ती

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़ जनपद के हथिगवां थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त कार।

प्रयागराज। प्रतापगढ़ जनपद की सीमा स्थित हथिगवां थाना क्षेत्र में दो कार की आपसी टक्कर में जहां 4 लोग घायल हो गए। वहीं पीछे से आ रही सवारी से भरी एक टेंपो भी टकरा गई। जिसमें कुछ यात्री चोटिल हो गए। जनपद की सीमा पर सड़क हादसे की सूचना पाते ही दोनों जनपद के सीमावर्ती पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज से सटे प्रतापगढ़ जनपद के हथिगवां थाना क्षेत्र स्थित बरौंधा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो कार भिड़ गईं। सड़क दुर्घटना का शिकार हुई एक कार पर सवार हीरालाल व पत्नी उर्मिला कुंडा प्रतापगढ़ जहां घायल हो गए, वहीं दूसरी कार पर सवार महेंद्र सिंह व पत्नी वंदना सिंह निवासी पुराना फाफामऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। भिड़ंत में दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों कार की भिड़ंत हुई ही थी कि पीछे से कुंडा की तरफ जा रही सवारी से भरी एक टेंपो भी टकरा गई। जिसमें सवार लोग भी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही लालगोपालगंज और प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि बताया जा रहा है कि लालगोपालगंज की पुलिस ने आनन-फानन एंबुलेंस से घायलों को भेज दिया था। घटना की सूचना जब परिजनों को दी गई तो मौके पर घायल के परिजन भी पहुंच गए थे।

7 मार्च से प्रयागराज में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए शुरू होगा टीकाकरण अभियान

प्रयागराज। नियमित टीकाकरण से छूट गए शून्य से दो वर्ष की आयु के बच्चों और गर्भवती को टीडी के टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए विशेष अभियान सघन मिशन इंद्रधनुष- 4.0 (आईएमआई-4.0) चलाया जाएगा । यह अभियान जनपद में सात मार्च से शुरू होगा तथा तीन चरणों में संचालित होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नानक सरन ने बताया- कोविड-19 संक्रमण के दौरान लॉकडाउन और अन्य कारणों से टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण करने के निर्देश शासन से मिले हैं।

मतगणना के कारण स्थगित रहेगा अभियान

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तीरथ लाल ने बताया कि तीन चरणों में चलने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष- 4.0 का प्रथम चरण सात मार्च से शुरू होगा। इसका द्वितीय चरण चार अप्रैल और तृतीय चरण दो मई से शुरू होगा। विधानसभा चुनाव की मतगणना होने के कारण 10 मार्च को टीकाकरण कार्यक्रम स्थगित रहेगा। उन्होंने बताया सघन मिशन इंद्रधनुष- 4.0 के लिए संचालित होने वाली गतिविधियों के लिए शासन से दिनांक निर्धारित कर दी गई हैं। 18 फरवरी को राज्य स्तरीय संवेदीकरण, 19 से 23 फरवरी तक जनपद स्तरीय संवेदीकरण और ब्लॉक स्तरीय अभिमुखीकरण, 24 से 26 फरवरी तक सर्वे, 28 फरवरी से दो मार्च तक माइक्रो प्लान तैयार किया जाएगा।

एसआरएन हास्पिटल में जल्द शुरू होगी ओपेन हार्ट सर्जरी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। एसआरएन अस्पताल में भी लोगों को सर्जरी की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिए आठ नए ऑपरेशन थियेटर तैयार कराए गए हैं। यह अत्याधुनिक मशीनों से लैस हैं। विशेषकर हृदय रोगियों को इससे काफी सहूलियत मिलेगी। क्योंकि ओपेन हार्ट सर्जरी की सुविधा अब इस अस्पताल में नहीं थी। अब इसकी भी व्यवस्था हो गई है। सभी नए ऑपरेशन थियेटर का अगले महीने उद्घाटन होगा।प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रोफेसर मोहित जैन के मुताबिक एसआरएन अस्पताल की पीएमएसएसवाई बिल्डिंग में आठ नए ऑपरेशन थियेटर तैयार हैं। इसमें ओपेन हार्ट सर्जरी की सुविध भी होगी। इसके लिए एक करोड़ रुपये की मशीन मंगाई गई है। अभी तक अस्पताल में यह सुविधा नहीं थी। इसके शुरू होने से हृदय रोगियों को लाभ मिलेगा।

लेजर तकनीकि सुविधा भी होगी उपलब्ध

इसके साथ ही यूरोलॉजी के ऑपरेशन में लेजर तकनीक की सुविधा भी रहेगी। इसके लिए मंगाई गई मशीन की कीमत डेढ़ करोड़ के करीब है। वहीं न्यूरोलॉजी से जुड़ी सर्जरी के लिए माइक्रोस्कोप का एडवांस वर्जन मंगाया गया है। जिसकी कीमत डेढ़ करोड़ है। इन अत्याधुनिक मशीनों से कई प्रकार कर जटिल सर्जरी आसानी से हो सकेगी। साथ ही मरीजों को निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

कैंसर सर्जरी के लिए क्यूसा मशीन

कैंसर के ऑपरेशन को काफी जटिल माना जाता है। इसकी सर्जरी में एडवांस मशीनों और उपकरणों की जरूरत पड़ती है। एसआरएन में इसके लिए क्यूसा मशीन मंगाई गई है। प्रो. मोहित जैन के मुताबिक इन सभी मशीनों को नए आपरेशन थियेटर में इंस्टाल कर दिया गया है। सिर्फ इसके उद्घाटन की तैयारी है। उम्मीद है कि अगले महीने से मरीजों को नए ऑपरेशन थियेटर की सुविधाओं का लाभ मिलने लगेगा।

कोरोना से माता-पिता को खोने वाले छात्रों की फीस होगी माफ

प्रयागराज। कोरोना संक्रमण से माता-पिता को खोने वाले विद्यार्थियों की मदद के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने मदद का हाथ बढ़ाया है। विवि एवं संघटक कॉलेज ऐसे बच्चों की शैक्षिक सत्र 2021-22 की पूरी फीस माफ करेंगे। कुलपति के निर्देश पर रजिस्ट्रार ने इस बाबत नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। साथ ही ऐसे विद्यार्थियों को छात्रावास शुल्क में भी 50 प्रतिशत की राहत दी जाएगी। रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ल की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक मार्च 2020 से इविवि एवं संघटक महाविद्यालयों के कई छात्र-छात्राओं ने कोरोना काल में अपने माता-पिता खो दिए हैं। ऐसे विद्यार्थियों को विवि प्रशासन की ओर से फीस में राहत प्रदान की गई है। माता और पिता में से किसी एक की मौत अगर कोरोना से हुई तो उन्हें इसका लाभ नहीं मिलेगा।इविवि की पीआरओ डॉ. जया कपूर ने बताया कि ऐसे छात्रों को माता एवं पिता, दोनों की कोविड से मृत्यु के प्रमाणपत्र की छाया प्रतियां एवं अन्य जरूरी कागजात के साथ डीएसडब्ल्यू कार्यालय में आवेदन करना होगा।

अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित होने के आधार पर पेंशन रोकना गलत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित होने से सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन व अन्य देयों का लाभ देने से नहीं रोका जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की खंडपीठ ने गोरखपुर केसेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी चंद्र प्रकाश की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।याचिकाकर्ता की जाति को लेकर मामला लंबित था। इस वजह से रेलवे प्रशासन ने सेवानिवृत्त केबाद पेंशन सहित अन्य लाभों को देने पर रोक लगा दी। याची गोरखपुर में तैनात था। वह 1970 में सहायक टेलीकम्युनिकेशन इंस्पेक्टर के रूप में नियुक्ति किया गया था। उसके बाद रेलवे ने आरोप लगाया कि उसका जाति प्रमाण पत्र जाली है और मामले में जांच की गई। हालांकि याचिकाकर्ता को अनुशासनात्मक कार्रवाई में दोषमुक्त कर दिया गया था। लेकिन, उसकी सेवानिवृत्ति के बाद भी उसके जाति प्रमाण पत्र के संबंध में जांच जारी रही।विपक्ष यह साबित नहीं कर सका कि जाति प्रमाण पत्र जाली था। कोर्ट ने कहा कि विपक्ष यह साबित नहीं कर सका कि याची का जाति प्रमाणपत्र जाली था। इसलिए याची कीपेंशन और अन्य सेवानिवृत्त लाभों को रोकने के लिए कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट ने याची को पेंशन सहित अन्य लाभों को दिए जाने का आदेश दिया और कहा कि चार महीने के भीतर सभी भुगतान कर दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि उसके देयों का भुगतान 2016 से सात फीसदी की दर से ब्याज सहित किया जाए।

इलाहाबाद , लखनऊ कोर्ट में 28 फरवरी को रहेगा अवकाश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट की इलाहाबाद और लखनऊ पीठ दोनों जगह पर 28 फरवरी को अवकाश रहेगा। यह आदेश हाईकोर्ट ने शुक्रवार को लिया है। हाईकोर्ट के संयुक्त रजिस्ट्रार कृष्ण स्वरूप धर द्विवेदी की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 27 फरवरी को रविवार होने से हाईकोर्ट बंद रहेगा जबकि एक मार्च का महाशिवरात्री की वजह से छुट्टी रहेगी। इस वजह से 28 फरवरी को हाईकोर्ट बंद किया जा रहा है। 28 फरवरी की जगह सात मई को शनिवार को कामकाज होगा।



शिक्षक को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोपियों की तलाश शुरू

प्रयागराज। नौकरी केनाम पर शिक्षक रामदास पटेल से 58 लाख हड़पकर उन्हें खुदकुशी के लिए उकसाने के तीन आरोपियों की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है। फिलहाल उनका मोबाइल नंबर बंद है। शुक्रवार को मांडा पुलिस की एक टीम ने उनके घरों पर दबिश दी लेकिन कुछ पता नहीं चला। अफसरों का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है 62 वर्षीय शिक्षक ने बृहस्पतिवार सुबह ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली थी। उन्होंने अपने कई परिचितों के 58 लाख रुपये वर्षों पहले उन जालसाजों को दे दिए थे, जिन्होंने उनसे सरकारी नौकरी लगाने का वादा किया था। लेकिन न नौकरी लगी और न रुपये वापस किए गए। उधर रुपये देने वाले उनसे लगातार तगादा कर रहे थे।उनके पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था। जिसमें उन्होंने पूरी बातों का जिक्र किया था। साथ ही पवन तिवारी, सुनील प्रकाश चतुर्वेदी व शिवप्रकाश चतुर्वेदी का नाम भी लिखा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। उनकेघरों पर दबिश दी लेकिन वह नहीं मिले। एसओ महेश मिश्रा का कहना है कि उनकी तलाश की जा रही है।

महाभारत सत्य अहिंसा का मार्ग : स्वामी श्री योगी सत्यम

ध्यान की मुद्रा में बैठे क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम

क्रियायोग शिविर में अभ्यास करते साधक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। माघ मेला क्षेत्र के त्रिवेणी रोड पुल नंबर 2 के समीप स्थित क्रियायोग शिविर में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने शिविर में आए देश व विदेश के साधकों को महाभारत के धर्म क्षेत्र व कुरुक्षेत्र के बारे में साधकों को क्रियायोग के शब्दों में बताया ' तथा बताया कि क्रियायोग अभ्यास से परम ब्रह्म का चेतना के विभिन्न स्वरूपों में दर्शन होता है साधक को अनुभव होता है कि सिर से पैर की उंगली का दृश्य रूप ही धर्म क्षेत्र व कुरुक्षेत्र स्थल है सिर से पैर की उंगली तक इस स्वरूप में धर्म व कर्म प्रतिपल प्रकाशित होता रहा है श्रीमद्भागवत गीता के 13 वें अध्याय के पहले इस लोक में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि शरीर वह क्षेत्र है जिसमें अच्छे और बुरे कर्म फल की अनुभूति होती है धर्मक्षेत्र व कुरक्षेत्र के सृजन, सुरक्षा वह इस में परिवर्तन करने वाले परमात्मा स्वयं शरीर (क्षेत्र) के रूप में प्रकट हो रहे हैं क्रियायोग ध्यान से स्पष्ट हो जाता है कि क्षेत्रज्ञ क्षेत्र के रूप में प्रकाशित है क्रियायोग ध्यान से जैसे-जैसे मन का अंधापन दूर होता है वैसे वैसे शरीर(क्षेत्र) में परिवर्तन होता जाता है जो चेतना के विभिन्न स्तरों को व्यक्त करता है शरीर क्षेत्र ही धर्मक्षेत्र है ' तथा स्वामी जी ने यह भी बताया कि जो कुछ शरीर के रूप में धारण किए हैं जिसमें निरंतर परिवर्तन अनुभव होता है वह ब्रह्मा विष्णु व शिव का रूप है इस तरह शरीर को ही धर्म क्षेत्र कहा जाता है क्षेत्र ही कुरुक्षेत्र है ' इसके पश्चात स्वामी जी ने समस्त साधकों को 15 मिनट का धर्मक्षेत्र व कुरुक्षेत्र का वर्णन करते हुए क्रियायोग अभ्यास कराए।

नए छात्रों के लिए मुश्किल होगा हॉस्टलों में प्रवेश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के शताब्दी ब्वॉयज हॉस्टल में रैगिंग की घटना सामने आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि हॉस्टलों के कमरों पर अवैध कब्जा है। हॉस्टल दो साल से बंद पड़े हैं। इस दौरान जिन छात्रों ने अपना पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है, हॉस्टल के कमरों पर अब भी उनका कब्जा बरकरार है और अन्य छात्र हॉस्टल के लिए भटक रहे हैं। अगर विश्वविद्यालय प्रशासन नए छात्रों को हॉस्टल आवंटित करता भी है तो उनके लिए हॉस्टल में प्रवेश मुश्किल होगा।इलाहाबाद विश्वविद्यालय में लंबे समय बाद स्नातक और परास्नातक की ऑफलाइन कक्षाएं शुरू हो गई हैं। ऐसे में दूसरे जिलों में रहने वाले छात्र अब प्रयागराज लौट आए हैं। दो साल पहले जो छात्र स्नातक द्वितीय वर्ष या तृतीय वर्ष में थे, उनका पाठ्यक्रम अब पूरा हो चुका है।इसी तरह वर्ष 2020 में परास्नातक की पढ़ाई कर रहे छात्रों को भी डिग्री मिल चुकी है। मार्च 2020 से इविवि के हॉस्टल बंद हैं। इनमें से जो छात्र हॉस्टल में रहते थे, वह कोरोना के दौरान हॉस्टल बंद होने पर कमरे की चाबी अपने साथ लेकर चले गए थे। उनका पाठ्यक्रम तो पूरा हो गया लेकिन हॉस्टल के कमरों पर अब भी उनके ताले लगे हुए हैं।

पुराने छात्र कमरा बंद कर चाभी ले गए साथ

विश्वविद्यालय में ऑफलाइन कक्षाएं शुरू होने के बाद दूसरे जिलों में रहने वाले जो छात्र प्रयागराज वापस आए हैं, वह अब हॉस्टल आवंटित किए जाने की मांग कर रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हॉस्टल आवंटन से पहले उसे अवैध कब्जे हटाने होंगे, जिसके लिए अभी तक कोई तैयारी नहीं की गई है।

प्रो. हांगलू के कार्यकाल में हास्टलों में हुई थी वॉशआउट की कार्रवाई

पूर्व कुलपति प्रो. रतन लाल हांगलू के कार्यकाल में हॉस्टल वॉशआउट की कार्रवाई की गई थी। उस वक्त काफी बवाल हुआ था और इसके बाद हॉस्टल खाली कराने के लिए कोई बड़ा अभियान नहीं चलाया गया। ऐसे में अगर नए छात्रों को विश्वविद्यालय प्रशासन हॉस्टल आवंटित करता भी है तो उनके लिए हॉस्टल में कब्जा पाना मुश्किल होगा।सभी हॉस्टलों के अधीक्षकों ने अपने स्तर से उन छात्रों को हॉस्टल छोड़ने के लिए कहा है, जिनके पाठ्यक्रम पूरे हो चुके हैं और वह हॉस्टल में रहने के लिए अब अर्ह नहीं हैं। चीफ प्रॉक्टर से भी आग्रह किया जाएगा कि पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जे हटाए जाएं। वहीं, हॉस्टल आवंटन के लिए नए छात्रों की लिस्ट भी तैयार की जा रही है। प्रक्रिया पूरी होते ही हॉस्टल आवंटित कर दिए जाएंगे और नए छात्रों को प्रवेश दिए जाएंगे।

-प्रो. केपी सिंह, डीएसडब्ल्यू

शत-प्रतिशत मतदान के लिये आगे आएं युवा: शिवानी

पीबीपीजी कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ सिटी में स्थित जनपद की अग्रणी शिक्षण संस्थान प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनपद के स्वीप कार्यक्रम की ब्रांड एम्बेसडर डॉ शिवानी मातनहेलिया की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजभानु सिंह व शिक्षकगण डॉ. अजीत प्रताप सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ राकेश सिंह, डॉ. जितेंद्र सैनी के अतिरिक्त भारी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

इस संगोष्ठी में मतदान का महत्व, आवश्यकता आदि मतदान से सबंधित विभिन्न विषयों पर सबने अपने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान डॉ. शिवानी मातनहेलिया से छात्र छात्राओं में मतदान से सम्बंधित प्रश्नोत्तर के माध्यम से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान के लिये युवा आगे

आएं। उनके आगे आने से जागरुकता पैदा होगी और लोकतंत्र के इस महापर्व में मदद मिलेगी। बता दें कि शासन व प्रशासन ने डा0 शिवानी को जब से ब्रांड अम्बेसडर बनाया है, वह स्कूल, कालेजों में जाकर युवाओं को जागरुक करने का भरसक प्रयास कर रही हैं। अंत में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजभानु ने मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर कर शुभारंभ किये तथा मौजूद प्राध्यापकों व छात्र छात्राओं ने भी बैनर पर हस्ताक्षर किए।

पीजी कालेज में निकली मतदाता जागरूकता बाइक रैली

परियावां, प्रतापगढ़। मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज कालाकांकर में शुक्रवार को प्रतापगढ़ के डीएलएड विभाग के प्रशिक्षुओं ने प्राचार्य डॉ शिवम् श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे विभागाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता द्वारा ब्लॉक कालाकांकर के बीआरसी केंद्र रामनगर से ब्लॉक संग्रामगढ़ के बीआरसी तक जागरूकता बाइक रैली निकालते हुए लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि सभी लोग अपने आस पास के लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करें। घर का कोई भी सदस्य मतदान से वंचित न हो। मतदान जागरूकता रैली का यही उद्देश्य है। इस मौके पर डॉ. रामकरन यादव, डॉ. शिव भूषण गुप्त, डॉ. उमेश मिश्र, आशुलता गुप्ता, सूरज सिंह, डॉ0 एसबी सिंह डायट प्रतापगढ़, अनूप त्रिपाठी एवं मनीष तिवारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

दुष्कर्म का आरोपी धराया

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म तथा छेडछाड व पीड़िता को धमकी देने के मामले मे दर्ज मुकदमें के आरोपी को धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा अनीस फोर्स के साथ गुरूवार की रात गश्त पर थे। विरसिंहपुर गांव मे दुष्कर्म के आरोपी बाबूलाल के पुत्र राममूरत यादव को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ गांव की एक पीड़िता के साथ छेडछाड़ तथा दुष्कर्म को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी ने पीड़िता पर घटना की जानकारी अपने घर मे देने को लेकर तेजाब भी फेंका गया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा।

अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली के नगर की बाजार मे सोलह फरवरी की रात ज्वैलर्स की दुकान पर हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली के शीतलमऊ निवासी चंदन कौशल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि घटना की रात अज्ञात चोरों ने दुकान मे पिछली दीवार काटकर बयालिस हजार नकद व सोने चांदी के आभूषण उड़ा लिये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली के इनहन बाजार में बाइक चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। अमावां निवासी रामशिरोमणि मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीस फरवरी को वह इनहन बाजार गया हुआ था। बाजार से अज्ञात चोर उसकी बाइक उड़ा ले गये।

लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का कराएं निस्तारण: जनपद न्यायाधीश

प्रतापगढ़। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में 12 मार्च 2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में समस्त न्यायिक मजिस्टेज्ट के साथ जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में बैठक की गयी। जनपद न्यायाधीश द्वारा सभी न्यायिक मजिस्टेज्ट को राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु पक्षकारों को अधिक से अधिक संख्या में नोटिस भेजने व नोटिस की तामीला की मानीटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। कुण्डा व लालगंज के सिविल जज को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जनपद न्यायाधीश द्वारा निर्देशित किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी लोक अदालत आलोक द्विवेदी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी, सिविल जज सी0डि0 एफ0टी0सी0 द्वितीय बलराज दास एवं समस्त सिविल जज उपस्थित रहे।

दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। थाना रानीगंज पर वादी रिजवान हुसैन द्वारा यह सूचना दी गयी कि 12 फरवरी की सुबह कचहरी जाते समय उनके गांव के सलीम व दो अन्य लोगों द्वारा थाना क्षेत्र रानीगंज के मऊ भट्ठे के पास मुझे असलहा सटाकर मारा-पीटा गया व मुझे धमकाते हुए प्रत्येक महीने में पैसा पहुंचाने के लिए कहा गया। मेरे शोर मचाने पर आसपास के लोगों के आने पर वे लोग वहां से भाग गये। इस संबंध में वादी की तहरीर पर थाना रानीगंज पर मु0अ0सं0 40/2022 धारा 323, 504, 506, 342, 386 भादंवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग की विवेचना/कार्यवाही के क्रम में थाना रानीगंज के उ0नि0 शिव शंकर राम मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर शुक्रवार को उक्त अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त सलीम अहमद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी गोई थाना कंधई को थाना क्षेत्र रानीगंज के जामताली बाजार बैरियर के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना लालगंज के उ0नि0 अनीश कुमार यादव मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 33/2022 धारा 376, 354, 354क, 354ख, 457, 506 भादंवि से संबंधित वांछित अभियुक्त राममूरत यादव पुत्र बाबूलाल यादव निवासी वीरसिंहपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके गांव वीरसिंहपुर से गिरफ्तार किया गया।

रामपुरखास के बहुमुखी विकास की मजबूती में जारी रहेगा मिशन: मोना

लालगंज, प्रतापगढ़। रामपुर खास की कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवो मे जनसभाओं व जनसम्पर्क के जरिए लोगों से क्षेत्र मे जारी बहुमुखी विकास की मजबूती मे सहयोग का आहवान किया। विधायक मोना ने लोगों को भरोसा दिलाया कि हर कीमत पर क्षेत्र की गरीब और कमजोर जनता के मान सम्मान की हिफाजत भी उनके और प्रमोद तिवारी के नेतृत्व मे जारी रहेगी। वहीं उन्होनें क्षेत्र के बैजलपुर, पूरे नोती, शिवबक्श, उधरनपुर, छोटा राजा का पुरवा, बछवल, चकवा मे कहा कि रामपुर खास की पहचान पूरे प्रदेश मे विकास के क्षेत्र मे सदैव अव्वल रही है। उन्होनें कहा कि कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने पिछले चार दशक से यहां के बहुमुखी बुनियादी विकास को शुरू करते हुए आज इसे स्वर्णिम मंजिल के मुकाम तक पहुंचाया है वह क्षेत्र की तरक्की के लिए इस मिशन को मजबूती से जारी रखेगी। विधायक मोना ने जनसम्पर्क के दौरान युवाओं तथा महिलाओं से संवाद करते हुए विकास के प्रति अपनी रचनात्मक भूमिका जारी रखने को कहा।

हेराफेरी की जांच शुरू, अभिलेखों की हुई पड़ताल

प्रतापगढ़। तत्काल फार्म में हेराफेरी की शिकायत को संज्ञान में लेते हुये रेलवे ने जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को इस मामले की जांच करने आये कंप्लेन इंस्पेक्टर रिजवान ने आरक्षण दफ्तर में जाकर अभिलेखों की पड़ताल की। कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई। एसएस से भी मुलाकात की। जांच निरीक्षक की मायने तो प्रथम दृष्टया मामला फर्जी ही लग रहा है, लेकिन जांच तो करनी है।

बता दें कि 14 फरवरी को अमेठी के बीके गुप्ता ने अधिकारियों को भेजे गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि उसको पद्मावत एक्सप्रेस से दिल्ली का तत्काल का टिकट चाहिये था। जिसके लिए उसकी पत्नी आरक्षण की लाइन में चार नंबर पर खड़ी थी। लेकिन उसको पांच नंबर का फार्म दे दिया गया। जिससे उसका टिकट नहीं बन पाया। लखनऊ वाणिज्य विभाग के अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया। हकीकत जानने के लिए उन्होंने कंप्लेन इंस्पेक्टर रिजवान को भेजा था। जांच के दौरान पता चला है कि कंप्लेन में दम नहीं है। यह किसी के कहने पर कराई गई है। इसके पीछे किसी दलाल या फिर रेल कर्मी का हाथ हो सकता है। इसकी चर्चा हो रही है। खास बात यह है कि बीके गुप्ता ने जो मोबाइल नम्बर शिकायती पत्र में लिखा है। वह दूसरे का है।

टीकाकरण कैम्प में मतदान के लिए किया प्रेरित

प्रतापगढ़। रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप,बीबीएफजी के तत्वाधान में 18 फरवरी को डेंटल केयर सेंटर आदर्श नगर में कोरोना रोधी टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और टीका लगवाया। कैम्प में आये लोगों से 27 फरवरी के दिन अपने अपने बूथ पर जाकर वोट डालने की अपील की गई। डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने कहा कि जिन लोगों ने अभी तक कोरोना रोधी टीका नहीं लगवाया है। वे अस्पतालों में जाकर टीका अवश्य लगा लें। इसके अलावा कैम्पों में भी जाकर वैक्सिनेशन कराएं। इस मौके पर मोहम्मद अनीश, दिग्विजय सिंह, सतेंद्र

गुप्ता, राजकुमार मोदनवाल, साहिल, राजेश, हिमांशु, रमेश नटराज, आरके गुप्ता, लवकुश, नितेश समेत काफी संख्या में लोगों ने मतदान की शपथ ली।

कांग्रेस के गढ़ में बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में 251 ब्राहमणों ने बजाया शंख, निकाली रैली

प्रतापगढ़। जैसे-जैसे मतदान की घड़ी नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक दलों के रणनीतिकार अपना समर्थन जुटाने के लिये अब रैली और समर्थन जुलूस निकालना शुरू कर दिये हैं। आज शुक्रवार को लालगंज में पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, सांसद संगम लाल गुप्ता, पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा तथा भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिला प्रभारी नागेन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में लालगंज कस्बे में समर्थकों का एक शंखनाद रैली निकाली जिसमें 251 ब्राहमण शंख बजाते चल रहे थे और भाजपा प्रत्याशी नागेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ छोटे सरकार के समर्थन में नारेबाजी हो रही थी।

इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा

कि रामपुर खास में इस बार परिवर्तन की बयार बह रही है। बता दें कि कांग्रेस के इस गढ़ में भेद करने के लिये भाजपा एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। भाजपा का यह प्रयास कितना सफल होगा? यह तो मतगणना में ही पता चलेगा लेकिन कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रमोद तिवारी की बेटी आराधना मिश्र मोना का प्रभाव इतना जबरदस्त है कि कांग्रेस के 42 वर्ष लगातार के साम्राज्य को तोड़ना बहुत आसान नहीं है।

उधर शुक्रवार को नगर में बसपा प्रत्याशी आशुतोष त्रिपाठी के समर्थन में आज महिलाओं ने शहर में जुलूस निकाला। महिलाएं मायावती के पक्ष में नारेबाजी करते हुए बलीपुर स्थित कार्यालय से निकली और भंगवा चुंगी होते हुए जोगापुर कार्यालय की तरफ गई। बता दें कि बसपा प्रत्याशी अपने सजातीय वोटों को पक्ष में करने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं जिसमें महिलाओं को आगे कर आज माहौल बनाने का प्रयास किया गया।

संजय मिश्रा ने सपा प्रत्याशी रामसिंह पटेल को दिया समर्थन

पट्टी, प्रतापगढ़। विधान सभा पट्टी के कांग्रेस नेता रहे संजय मिश्रा ने शुक्रवार को विधान सभा पट्टी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम सिंह पटेल का समर्थन किया। उन्होंने अपने शुभचिंतकों, रिश्तेदारों सहित ब्राह्मण भाइयों से भी समाजवादी पार्टी का समर्थन करते हुए उनके पक्ष में मतदान करने का आवाहन किया। लगातार 13 वर्ष से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे समाजसेवी संजय मिश्रा अपने नेक कार्यो से समाज में एक अलग छाप छोड़ी है, जिससे समाज में उनकी गहरी पैठ भी है जिससे समर्थकों और चाहने वालों की पट्टी विधानसभा में अच्छी खासी तादाद भी है। उन्होंने विधानसभा पट्टी से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम सिंह पटेल का समर्थन करते हुए ।

सड़क के किनारे नाली की खोदाई करा कर छोड़ा, आवगमन हुआ बाधित

लालगंज, प्रतापगढ़। सड़क के किनारे नाली की खोदाई करा कर छोड़ दिया गया है। खोदाई से निकली मिट्टी सड़क पर आने से राहगीरो को आने जाने में कठिनाई हो रही है। शिकायत के बावजूद कार्य अभी तक सुरू नही हो सका।

स्थानीय विकास खण्ड के कौशिल्यापुर के रानीगंज कैथौला बाजार में लखनऊ व लावाना राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क के किनारे पक्की नाली के निमार्ण के लिए खोदाई कार्य शुरू किया गया। आधी-अधूरी खोदाई करा कर ठेकेदार भाग खड़े हुए। भीड़-भाड़ वाली जगह होने के कारण बाजार वासियों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल निकासी के निदाद के लिए पक्की नाली का निर्माण कार्य सुरू होते ही अधर में कार्य रोकने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। कार्यदायी संस्था द्वारा नाली निर्माण की बात तो दूर की है उसने आधी अधूरी खोदाई करा कर ही काम को बंद कर दिया। खोदाई में निकली मिट्टी सड़क पर रख दी गई है जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है। इसी मार्ग पर लगभग आधा दर्जन विद्यालय स्थित है। बच्चों के साथ राहगीरों का आना जाना दूभर हो गया है। बाजार के लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन उसका कोई असर नही है। इस संबध में प्रधान ददन सिहं का कहना है कि मेरे द्वारा कार्य नही कराया जा रहा है। यह कार्य संभवता ब्लाक प्रमुख द्वारा कराया जा रहा है। उधर खण्ड विकास अधिकारी अस्वनी सोनकर से पूंछा गया तो उन्होने इस संबध में कुछ भी नही बोले।

मतदान कार्मिकों को दिया गया ईवीएम का प्रशिक्षण

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ नितिन बंसल व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ईशा प्रिया के आदेशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल निष्पक्षता पूर्ण, शुचिता पूर्ण एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में पांच दिवसीय मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण आज चैथे दिन भी दो पालियों में सकुशल संपन्न हुआ, जिसमें पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

सभी कार्मिकों को सामान्य एवं ईवीएम का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का डॉ नितिन बंसल जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, ईशा प्रिया मुख्य विकास अधिकारी प्रेक्षक, डॉ सर्वदा नंद जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा मतदान ड्यूटी में लगे हुए सभी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण के बाद वोटिंग करने के लिए विधानसभा वार फैसिलिटेशन सेंटर्स/पंडालों का निरीक्षण भी किया गया और सभी को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया। आंख से अंधे मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मोहम्मद अनीस, प्राचार्य आईटीआई पट्टी गुंजन गुप्ता, डॉ सालिक राम प्रजापति, मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र कुमार ओझा, अनुपम भट्ट आदि उपस्थित रहे।

बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची सभी मतदाताओं को प्राप्त करायें: डीएम

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से महुली मण्डी में विधान सभावार की जा रही ईवीएम सेटिंग एवं कमिशनिंग का निरीक्षण कियां।

जिलाधिकारी ने विधानसभाओं के समस्त निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय पर ईवीएम सेटिंग एवं कमिशनिंग के कार्य मानक के अनुसार पूर्ण कर लें। इसके साथ उन्होने निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन बूथों की मतदाता पर्ची प्राप्त हो गयी है बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में 22 फरवरी तक सभी बूथों के मतदाताओं को मतदाता पर्ची अवश्य वितरित कर दी जाये। बूथवार अनुपस्थित मतदाता लिस्ट जो पूर्व तैयार की जा चुकी है उन मतदाताओं की मतदाता पर्ची कदापि न वितरित की जाये और ऐसे बची हुई मतदाता पर्ची का निर्धारित प्रारूप पर सूचना तैयार की जाए। कमिशनिंग के दौरान यदि जो ईवीएम खराब हो रही है उसे आयोग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा पर सूचना बना ली जाए। उन्होंने विधानसभा विश्वनाथगंज एवं बाबागंज पर प्रकाश लाइट की व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त

तथा प्रभारी टेन्ट को निर्देशित किया कि सभी विधानसभाओं में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। महुली मण्डी परिसर में निर्वाचन ड्यूटी में लगाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत की गयी कि शौचालय की साफ-सफाई ठीक नही है जिस पर जिलाधिकारी ने मण्डी परिसर सचिव को निर्देशित किया कि तत्काल मण्डी स्थित शौचालयों की सफाई करा दी जाये इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, निर्विघ्न, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक प्रतापगढ़ एस0ए0 रमन द्वारा आज महुली मण्डी में ईवीएम मशीनों की तैयारियों का निरीक्षण किया और सुरक्षा सबन्धी आवश्यक निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त सामान्य प्रेक्षक ने क्रिटिकल मतदान केन्द्र 82-प्राथमिक विद्यालय कोलबजरडीह, 48-प्राथमिक विद्यालय कमालुद्दीनपुर, 89-प्राथमिक विद्यालय मिश्ररौली, 90-संविलियन विद्यालय अन्तू, 91-प्राथमिक विद्यालय टाउन एरिया अन्तू बाजार, 118-प्राथमिक विद्यालय आमामऊ, 127-प्राथमिक विद्यालय शुकुलपुर, 138 प्राथमिक विद्यालय गड़वारा, 130-पंचायत भवन गौरवारी का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं का जायजा लिया और पायी गयी कमियों को ठीक कराने के निर्देश रिटर्निंग आफिसर को दिये। उन्होने निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता कदापि न बरता जाए और निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराया जाए। निरीक्षण के समय लायजन आफिसर चन्द्रवीर उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

प्रशिक्षण में 28 मतदान कार्मिक रहें अनुपस्थित

अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरूद्ध दर्ज की जाए एफआईआर

कौशाम्बी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आज तीसरे दिन एमवी कान्वेट स्कूल एवं कालेज ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम पाली में कुल-250 पार्टियों को तथा द्वितीय पाली में कुल-250 पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें प्रथम पाली में कुल-18 तथा द्वितीय पाली में कुल 10 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे।प्रभारी अधिकारी कार्मिक/ मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये है।

संदिग्ध दशा में वृद्ध का बरामद हुआ शव

अझुवा क्षेत्र के हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के किनारे झाड़ियों में मिला वृद्ध का शव नहीं हो सकी पहचान

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा के दक्षिणी छोर पर स्थित बरम बाबा दार्शनिक स्थान के पास दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के बगल में झाड़ियों के पास में एक वृद्ध का शव बरामद हुआ है जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है कुछ लोगों के अनुसार वृद्ध बीती शाम बैठा था जिसका शव आज सुबह ग्रामीणों ने देखकर चौकी पुलिस को सूचना दी है सूचना पर पहुंची क्षेत्रीय अझुवा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वृद्ध ने कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या की है शव से कुछ दूर सल्फास की तीन पैकेट खाली गिलास और मृतक के जेब से कुछ रुपये और सिम जैसा कुछ बरामद हुआ है खबर लिखे जाने तक वृद्ध की पहचान नहीं हो सकी है।

देशी बम के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अमित दिवाकर पुत्र शेष कुमार दिवाकर निवासी मखऊपुर थाना पिपरी को ग्राम धमसिरा मोड़ नहर के पास से पांच अदद देशी जिन्दा बम के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत 39 लाख की सम्पत्ति जब्त

कौशाम्बी। जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तगणों द्वारा अपराध कारित कर अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्ति का चिन्हाकन कराते हुए निम्न अभियुक्तगणों का धारा 14 (1) गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत सम्पत्ति कुर्क करायी गयी जिसमें अभियुक्त अजय सिंह अजय सिंह उर्फ छोटकू सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह निवासी कनैली थाना सराय अकील की जब्त की गई सम्पति वाहन टबेरा कीमती करीब 5 लाख व भूमि गाटा संख्या 04 रकबा 0.037 व कोयल सिंह उर्फ रणधीर सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी कनैली थाना सराय अकील की जब्त की गई सम्पति मोटरसाइकिल यमहा फ्रेजर कीमती एक लाख रुपए व अशुमान सिंह पुत्र विन्देश्वरी प्रसाद सिंह निवासी कनैली थाना सराय अकील की जब्त की गई सम्पति वाहन वैगनार कीमती पांच लाख रुपए तीनो अभियुक्त गण अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त थे तथा गुलाम वारिश पुत्र हबीब उल्लाह निवासी थाना कड़ा धाम की जब्त की गई सम्पति वाहन ट्रक 12 चक्का कीमती बीस लाख रुपए अवैध गौतस्करी में संलिप्त थे।

रेलवे की तानाशाही से जाम के झाम से जूझ रहे भरवारी नगर वासी

रेलवे कॉलोनी का रास्ता बन्द होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। बीते 7 दशक से रेलवे के बगल से बने रास्ते को रेलवे के तानाशाह अधिकारियों ने अचानक बंद कर दिया है जिससे नगर वासियों को आने जाने में दिक्कतें होती हैं एक रास्ता बंद हो जाने से दूसरे रास्ते की सड़क पर भीड़ बढ़ गई है जिससे रेलवे फाटक पर आए दिन भीषण जाम लगता है कई बार नगर वासियों ने रेलवे प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रास्ता खोले जाने की मांग की लेकिन तानाशाह रेलवे अधिकारियों ने रास्ता नहीं खोला है नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत भरवारी रेलवे कॉलोनी वासियो के लिए तथा यात्रियों के लिए आने जाने वाले रास्ते को रेलवे के जिम्मेदारों ने बन्द कर दिया है जिससे लोगो मे आक्रोश है '

बतादे कि रेलवे यात्रियों व कॉलोनी वासियो के लिए शुरू से ही रास्ता खुला रहता था जिससे ट्रैन से आने जाने वाले यात्रियों व रेल कर्मचारियो के लिए रास्ता हमेशा से खुला रहता था जिससे लोगो को काफी सुविधा हुआ करती थी परंतु इधर कुछ दिनों से इस रास्ता को रेलवे ने बंद कर दिया गया है जिससे लोगो को काफी परेशानी हो रही है लोगो मे इस बात की भी चर्चा है कि

रेलवे फाटक पर जाम का दृश्य

जबसे यह रास्ता बंद कर दिया है तब से रेलवे गेट में भी जाम बढ़ता जा रहा है जिसके चलते रेल यात्रियों के साथ साथ कॉलोनी वासियो को भी काफी परेशानियां हो रही है वही कस्बा वासियो ने मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज से मांग की है कि लोगो की समस्या को धयान में रखते हुए तत्काल रास्ता खुलवाने का निर्देश दे जिससे यात्रियों की समस्या का निदान हो सके।

अधिवक्ताओं ने कहा केशव ने सदैव दिया हमारा साथ अबकी बार हम फिर केशव के साथ

अखंड भारत संदेश

तहसील के हनुमान मंदिर पहुंचकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पूजा अर्चना की अधिवक्ताओं व जनता ने विजय श्री का दिया आशीर्वाद

कौशांबी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के चुनाव प्रचार में सिराथू तहसील के अधिवक्ताओं ने भी खुलकर साथ देने का निर्णय कर लिया है अधिवक्ताओं के साथ देने से केशव प्रसाद मौर्य के चुनाव में रोचक मोड़ आ गया है अधिवक्ताओं के घोषणा के बाद विपक्षी राजनीतिक दल में खलबली मच गई है भारतीय जनता पार्टी के सिराथू विधानसभा प्रत्याशी केशव प्रसाद मौर्य डिप्टी सीएम ने गुरुवार को सिराथू अधिवक्ताओं से संपर्क किया तहसील के हनुमान मंदिर पहुंचकर प्रभु हनुमान जी की पूजा अर्चना की साथ ही अधिवक्ताओं व जनता ने विजय श्री का आशीर्वाद दिया मंदिर से निकलकर अधिवक्ताओं व जनता से बातचीत की अधिवक्ताओं ने कहा कि हमें गर्व है कि सिराथू का बेटा आज देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश सरकार का उप मुख्यमंत्री है। साथ ही अधिवक्ताओं ने 70 साल के ऊपर पेंशन व जूनियर अधिवक्ताओं के मानदेय का अनुरोध किया इस दौरान अधिवक्ताओं में काफी जोश व उत्साह नजर आया केशव प्रसाद मौर्य को स्टार प्रचारक बताते हुए कहा कि सिराथू और कौशांबी के पहचान केशव प्रसाद मौर्य से है अधिवक्ताओं ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य की सिराथू से जीत तय है और साथ ही कहा की बीजेपी का भी फिर से सत्ता में आना सुनिश्चित है। केशव मौर्य ने संपर्क में कहा कि अधिवक्ता कभी हारता नहीं है अगर एक हारता है तो दूसरा जीतता है साथ ही कहा कि सिराथू चुनाव के जीत का मुकदमा में आप सब को सौंप रहा हूं मुकदमे के जीत की जिम्मेदारी आप सब पर है। लोगों को विश्वास दिलाते हुए केशव ने कहा जो भी कार मेरे संज्ञान में लाया जाएगा और पूर्ण रूप से पूरा होगा कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा केशव मौर्य बोले कि पार्टी मुझे किसी अन्य सीट से भी मैदान में उतार सकती थी लेकिन मुझे मेरे जन्म स्थान पर प्रत्याशी बनाकर एक नया मौका दिया है और फिर मुझे एक बार आप सब की निरंतर सेवा करने का मौका मिला है उप मुख्यमंत्री ने कहा सिराथू में ना कोई जातिवाद है ना क्षेत्रवाद है यहां सिर्फ विकासवाद पर चुनाव होगा।

मतदान प्रक्रिया को सुगमता पूर्वक कराएं सम्पन्न : प्रेक्षक

कौशाम्बी। प्रेक्षकगण मंझनपुर पी0शंकर सिराथू लहू सदाशिव माली एवं चायल दिलीप राणा द्वारा सम्राट उदयन सभागार में माइक्रो आब्जर्वरों को मतदान के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश-दिया गया प्रेक्षकगणों ने माइक्रो आब्जर्वरों को उनके कर्तव्यो एवं दायित्वों तथा ईवीएम के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान आप लोगों की बहुत ही अहम भूमिका होती है। आप लोग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सजगता के साथ करना सुनिश्चित करें, जिससे मतदान प्रक्रिया को सुगमतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सकें।

मतदान कार्मिकों ने डॉक मत पत्र द्वारा किया मतदान

कौशाम्बी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में तीसरे दिन भी मतदान कार्मिकों ने डॉक मत पत्र द्वारा मतदान किया। विधानसभा चायल में 70, विधानसभा मंझनपुर 483 एवं विधानसभा सिराथू में कुल 350 डॉक मतपत्र डाले गये इस प्रकार कुल-903 मतदान कार्मिकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।

महिलाओं से मुलाकात करती महिला टीम के साथ डिप्टी सीएम की पत्नी

महिलाओं ने भरी हुंकार केशव भैया अबकी बार

अझुवा कौशाम्बी। सिराथू विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ साथ महिलाओं ने हुंकार भरी है महिलाओं का कहना है कि केशव भैया अबकी बार भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे प्रतिदिन सुबह डिप्टी सीएम की पत्नी राजकुमारी महिलाओं की टीम लेकर गांव-गांव घूमकर योगी मोदी सरकार द्वारा आम जनता के हित में संचालित की गई योजनाओं का बखान कर रही हैं गांव गांव महिलाओं के प्रचार के दौरान भाजपा के प्रचारकों को आम जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है शुक्रवार को महिला टीम के सदस्यों ने सिराथू विधानसभा क्षेत्र के लेहदरी अंबाई बुजुर्ग, ताजमल्लहन गोविंदपुर, तिवारी का पुरवा, होरी का पुरवा, भग्गू का पुरवा, रुकुनपुर, चकसहायपुर, कंथूआ, अफजलपुर सातों, मल्हन का पूरा आदि गांव में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के समर्थन में मतदाता से मुलाकात की और मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य के समर्थन में मतदान करने की अपील की महिला टीम का नेतृत्व डिप्टी सीएम की पत्नी श्रीमती राजकुमारी देवी ने किया प्रचार के दौरान दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

न्यूज झरोखा

अब हमको रचना है इतिहास सबका साथ सबका विकास : योगेश मौर्य

अझुवा कौशाम्बी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पुत्र इंजीनियर योगेश कुमार मौर्य ने सिराथू विधानसभा क्षेत्र के तमाम ग्राम सभा में चुनावी दौरा कर मतदाताओं से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के पक्ष में मतदान करने की अपील की है जनसंपर्क के दौरान कमालपुर, गोविंदपुर ताजमल्लाहन, रुकुनपुर, नारा, कंथूवा, अफजलपुर सातों, मामासई आदि गांवो में पहुंचकर योगेश मौर्या ने विपक्षियों पर जमकर हमला बोलते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिना कर स्थानीय आम जनमानस से भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु निवेदन किया। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ में डॉ हेमंत कुशवाहा, शिव बाबू श्रीवास्तव, सुनील साहू, अमरीश सिंह, ममन मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घर से निकले युवक की मिली लाश 2 दिन बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

कोखराज कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी चौकी के अंतर्गत रिद्धि सिद्धि कालेज के पास मान सिंह उम्र 23 वर्ष पुत्र राम करन निवासी बेल्हाई काजू थाना चरवा की हत्या कर लाश मंगलवार को फेक दी गयी थी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बुधवार सुबह युवक का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया घटना को 2 दिन बीत चुके हैं परिजनों के तहरीर देने के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा नही दर्ज हुआ है जिस पर पीड़ित परिजनों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बेलहाई काजू निवासी मान सिंह पुत्र रामकरन मंगलवार को अपने घर से दो अन्य साथी महेंद्र पुत्र रामप्रसाद व रजनीश पुत्र जगत पाल के साथ घर से निकले थे लेकिन वह वापस घर नहीं लौट सके जिस पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई बुधवार की सुबह उनकी लाश कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी पुलिस चौकी अंतर्गत रिद्धि सिद्धि कॉलेज के पीछे खेत मे मिली थी जिस पर पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों ने दोनों युवकों के विरुद्ध पुलिस को नामजद तहरीर दी है परिजनों का कहना है कि तीनों लोगों ने शराब पी है और शराब पिलाने के बाद मानसिंह की हत्या कर दी और लाश खेत में फेंक दी गई है दूसरे दिन लाश सरसों के खेत मिली है लाश के पास चाट के पत्ते शराब की सीसी आदि सामग्री पड़ी थी परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया हैं जबकि अभी तक एफआईआर दर्ज नही हो सकी हैं मानसिंह के साथ गए दोनों हत्यारें उसी दिन से फरार है।

दिनदहाड़े पत्रकार का मोबाइल छीन कर लुटेरा फरार

कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र अपराधों से दहल रहा है अपराधी बेखौफ हैं और पुलिस अवैध वसूली की डफली बजा रही है पिपरी थाना के औधन गांव निवासी रामबाबू केसरवानी पुत्र छेदीलाल एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के स्थानीय संवाददाता हैं रामबाबू गुरुवार को अपने गांव औधन से तिल्हापुर मोड़ बाजार सब्जी खरीदने गए थे जैसे ही वह तिल्हापुर मोड़ बाजार पहुंचे मोबाइल फोन पर घंटी बजने पर उन्होंने जेब से मोबाइल फोन निकाला और बात करने लगे इसी बीच एक युवक रामबाबू से एंड्राइड मोबाइल छीन कर फरार हो गया मोबाइल छीने जाने के बाद उन्होंने युवक को दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन युवक भाग जाने में सफल रहा मोबाइल छिनैती की घटना पुलिस ने नहीं दर्ज किया है इलाके में अपराधों की बाढ़ से आम जनता भयाक्रांत है पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

एसपी से शिकायत करते ही महिला पर दबंगों ने किया हमला

बलात्कार के आरोप में जेल से छूटे आरोपियों के निरंकुशता पर सराय अकिल थाना पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में

कौशांबी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के इछना गांव की एक महिला के साथ वर्ष 2018 में रेप की घटना के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था वर्षों तक जेल में रहने के बाद अदालत ने बलात्कार के आरोपी की जमानत मंजूर कर दी जिस पर अदालत से जमानत मिलने के बाद बलात्कार का आरोपी जेल से बाहर आ गया जेल से बाहर आते ही आरोपी ने पीड़ित महिला पर मुकदमा वापस लेने सुलह समझौते का दबाव बनाना शुरू कर दिया दो बार पीड़ित महिला के घर पर उसकी भतीजी और सास के ऊपर आरोपियों द्वारा हमला किया गया है जिससे पीड़ित महिला की भतीजी और सास को चोटें भी आई हैं मामले में थाना पुलिस को तहरीर देने के बाद भी थाना पुलिस ने बलात्कार के आरोपी और उसके साथियों पर कार्यवाही नहीं की बल्कि पुलिस भी पीड़ित महिला का हौसला तोड़ती रही। सराय अकिल थाना पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित महिला ऊषा देवी ने 16 फरवरी को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर सराय अकिल थाना पुलिस के कारनामे को बताते हुए बलात्कार के आरोपी और उसके साथियों पर कार्यवाही की मांग की पुलिस अधीक्षक ने थाना पुलिस को आरोपी पर कार्वाई का निर्देश दिया जिस पर पुलिस आरोपी को खोजते गांव पहुंची लेकिन वह पुलिस को नहीं मिल सका जबकि ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी गांव में मौजूद था और पुलिस को देख कर किनारे हट गया था पुलिस के जाने के बाद 17 फरवरी की रात 9:00 बजे महिला के घर पर फिर तीन लोग घुस गए और आधी रात को महिला के साथ मारपीट करने लगे पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र को वापस लेने और बलात्कार के मुकदमे में सुलह समझौते का दबाव आरोपी बनाने लगे अब सवाल उठता है कि पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देने के बाद भी आरोपियों की नकेल थाना पुलिस कसने में विफल रहे और आरोपी मनमानी करते रहे तो थाना पुलिस की भूमिका पर सवाल उठना लाजमी है सूत्रों की माने तो मामले में पहले ही थाना पुलिस की सेटिंग हो चुकी है जिससे एक दलाल के माध्यम से उसके पास तक पुलिस ने सूचना पहुंचा दी है कि पुलिस अधीक्षक ने कार्वाई का निर्देश दिया इसलिए पीड़ित पर दबाव बनाकर तहरीर वापस कराते हुए बयान बदलवा देने का दबाव बार-बार आरोपी पीड़ित पक्ष पर बना रहे हैं जिससे बलात्कार के आरोपी पर कार्वाई ना हो सके पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए हमला करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही करने और पूर्व में दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग करते हुए थाना पुलिस पर भी कार्वाई की मांग की है।

व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी एवं कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

कौशाम्बी। व्यय प्रेक्षक अन्जूलता द्वारा आज एमसीएमसी एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी के निरीक्षण के दौरान जारी अनुमति एवं पेड न्यूज आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभारी एमसीएमसी को पेड न्यूज के सम्बन्ध में न्यूज चैनलों एवं समाचार पत्रों की सजगता से अवलोकन करने के निर्देश दिये गये व्यय प्रेक्षक द्वारा कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान सी0 विजिल एप एवं दूरभाष नम्बर-1950 पर प्राप्त शिकायतों पर की गयी कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गयी इस अवसर पर नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार एवं प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम उपस्थित रहे।

दहेज हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। मंझनपुर थाना क्षेत्र की विवाहिता रेखा देवी की 09 फरवरी को हत्या के आरोप में पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त बद्री प्रसाद पुत्र हीरालाल निवासी ननहुवा का पूरा थाना मंझनपुर को ओसा चौराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर जमकर साधा निशाना

अखंड भारत संदेश

कार्यक्रम में मौजूद सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष व अन्य

करारी कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रामकरन निर्मल ने क्षेत्र के तमाम स्थानों पर सभा आयोजित कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीत दिलाने की जहां मतदाताओं से अपील की है वहीं उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर कुठाराघात करते हुए कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है और वह जाति धर्म की राजनीति कर सत्ता हथियाना चाहती है उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए रामकरन निर्मल ने कहा कि जनता सब जानती है और भाजपा सरकार के झूठे वादे पर इस बार मतदाता नहीं आएंगे और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को मतदाता सबक सिखाएंगे। मंझनपुर विधान सभा क्षेत्र के गुवारा बरई बंधवा पिंडरा सहबनपुर सहित कई गांव में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राम करन निर्मल ने नुक्कड़ सभा कर के तीनों विधान सभा प्रत्याशी को जिताने की अपील किया इस दौरान जगह-जगह पर प्रदेश अध्यक्ष का समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जोरदार तरीके से स्वागत किया कार्यक्रम में मुख्य अथिति डॉ राम करन निर्मल प्रदेश अध्यक्ष लोहिया वाहिनी जिला उपाध्यक्ष खलीक अहमद निक्के इस्तेखार अहमद सैफी प्रमोद यादव ओम नाथ बिंद ऊधोश्याम यादव गुफरान रमजान सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

अपना दल-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी के प्रचार में भीड़ गायब

अखंड भारत संदेश

वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में अपना दल भाजपा गठबंधन के कार्यक्रमों में लगती थी हजारों ग्रामीणों की भीड़, प्रत्याशी बदलने के बाद कार्यकताओं की नाराजगी भी भीड़ ना पहुंचने का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है

कौशाम्बी। विधानसभा चुनाव 2022 का प्रचार प्रसार तेजी से चल रहा है प्रत्येक राजनीतिक दल के प्रत्याशी और निर्दलीय प्रत्याशी भी बड़े दमखम के साथ अपनी जीत का दावा कर रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि उन्हें भी मतदाताओं के रुझान का पता चल रहा है लेकिन वह हकीकत नहीं कह पा रहे हैं प्रचार के दौरान लगने वाली भीड़ उनके जीत का रास्ता तय कर रही है विधानसभा 2017 के चुनाव में अपना दल भाजपा गठबंधन से संजय गुप्ता को प्रत्याशी बनाया गया था उनके प्रत्येक कार्यक्रम में हजारों की भीड़ लगती थी लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव 2022 में अपना दल भाजपा गठबंधन से नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल को पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल के कार्यक्रम से भीड़ गायब है किसी भी कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या से अधिक भीड़ नही एकत्रित हो रही है हालांकि नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल जीत का परचम लहराने का दावा कर रहे हैं लेकिन आम जनता उनके इस दावे को मानने को तैयार नहीं है भाजपा प्रत्याशी विधायक संजय गुप्ता का टिकट काट दिए जाने के बाद अपना दल के खाते में चायल विधानसभा की सीट दिए जाने से विधानसभा क्षेत्र के मतदाता कार्यकर्ता नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल प्रत्याशी से नाराज हैं मतदाताओं कार्यकताओं की नाराजगी के चलते कार्यक्रम में भीड़ नही एकत्रित हो रही है प्रत्याशी बदलने के बाद कार्यकताओं की नाराजगी भी एक प्रमुख कारण माना जा रहा है यदि यही स्थिति रही तो विधानसभा चुनाव में अपना दल भाजपा गठबंधन प्रत्याशी की मुसीबत बढ़ सकती हैं वह कैसे पार्टी की नैया पार लगाएंगे इस बात की चर्चा आम जनता के बीच खुलेआम हो रही है।

सपा प्रत्याशी डॉ पल्लवी पटेल की सभा में नहीं जुट रही भीड़

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने पल्लवी पटेल को धूल चटाने की बनाई रणनीति, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पार्टी नेता मानेगे निर्देश लेकिन अकेले

कौशाम्बी। इतिहास गवाह है कि जहां भी विभीषण उतपन्न होने लगते हैं वहां राजपाट सब कुछ बर्बाद होना निश्चित होता है यही स्थिति इन दिनों सिराथू विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ पल्लवी पटेल की जनसभा का है अखिलेश यादव ने जिले के समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं को टिकट न देकर के उन्हें किनारे कर दिया है और अपना दल कमेरावादी के डॉ पल्लवी पटेल को टिकट देकर उन्होंने सिराथू विधानसभा क्षेत्र से डिप्टी सीएम केशव मौर्या के सामने प्रत्याशी घोषित किया है डॉक्टर पल्लवी पटेल के प्रत्याशी घोषित होते ही समाजवादी पार्टी में भितरघात पनपने लगा है बिभीषण की फौज तैयार हो गई और अपने को हराने की ठान ली है हालांकि सामने चेहरा रहे जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने मुँह चीर कर कह सके कि हमने तो समाजवादी पार्टी का समर्थन किया है सिराथू विधानसभा से टिकट के दावेदार कई प्रत्याशियों ने तो चुनाव प्रचार से किनारा कर लिया है और तमाम दावेदार प्रत्याशी पल्लवी पटेल के साथ अकेले चुनाव प्रचार में लगे हैं उनके समर्थक अन्य दल के प्रत्याशियों के साथ देखे जाते हैं या फिर दावेदार प्रत्याशी के समर्थक घर के भीतर घुस गए हैं अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता की कहावत समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ पल्लवी पटेल के चुनाव प्रचार के दौरान देखा जा रहा है सिराथू विधानसभा से आनंद मोहन पटेल समाजवादी पार्टी के दावेदारों में शामिल थे लेकिन डॉक्टर पल्लवी पटेल के प्रत्याशी घोषित होने के बाद आनंद मोहन पटेल सिराथू विधानसभा से पूरी तरह से गायब हो गए हैं आनंद मोहन पटेल और उनके समर्थकों का कहीं पता नहीं चल रहा है पार्टी के भितरघात का खामियाजा पार्टी को जबरदस्त उठाना पड़ सकता है।

जातिवादी कार्यकर्ता पहले समाजवादी वरिष्ठ नेता पीछे की सोच पल्लवी को दिलाएंगी करारी शिकस्त

कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी की सिराथू विधानसभा से विधायक पद का चुनाव लड़ रही अपना दल नेता पल्लवी पटेल की जातिवादी सोच के चलते पार्टी में तेजी से भितरघात पनप रहा है समाजवादी पार्टी से सिराथू विधानसभा प्रत्याशी पल्लवी पटेल के जातिवादी सोच का खामियाजा समाजवादी पार्टी को आने वाले विधानसभा चुनाव में जबरदस्त तरीके से भुगतना पड़ेगा विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करने में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी पल्लवी पटेल सबसे पहले अपने पटेल बिरादरी के कार्यकताओं को संबोधित कर उनका गौरव बढ़ाती हैं उसके बाद वह अन्य बिरादरी के नेताओं का नाम ले कर वरिष्ठ नेताओं को संबोधित करती है समाजवादी पार्टी में अन्य बिरादरी के कई दशक से निष्ठावान पदाधिकारी कार्यकताओं का वजूद पल्लवी पटेल के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उपेक्षित दिखाई पड़ रहा है इससे पार्टी के भीतर जमकर भितरघात है जातिवादी नेताओं और कार्यकताओं के दम पर चुनाव जीतने की सोच रखने वाली पल्लवी पटेल को इस भितरघात का बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

बैंक की तानाशाही से पूरे दिन ग्राहक रहे परेशान

अखंड भारत संदेश

विधानसभा चुनाव में ट्रेनिंग का हवाला देकर ग्राहकों से अभद्रता

कौशांबी। यूनियन बैंक की शाखा मंझनपुर जिला पंचायत परिसर में संचालित हो रही है विधानसभा चुनाव में ट्रेनिंग का हवाला देकर कर्मचारी बैंक के अंदर चाय नाश्ता कर मौज मस्ती करते रहे और बैंक परिसर में कई दर्जन बैंक ग्राहक अपने धन निकासी और जमा करने के लिए अधिकारियों से विनती करते रहे लेकिन बैंक मैनेजर और कैशियर ग्राहकों का काम नही कर रहे थे जिससे ग्राहकों को जलालत झेलनी पड़ी है।

बताते चलें कि बैंक कर्मियों की विधानसभा चुनाव की ट्रेनिंग में 2:00 बजे से ड्यूटी लगी थी लेकिन सुबह से ही बैंक कर्मियों ने ग्राहकों से यह कहते हुए अभद्रता करना शुरू कर दिया कि उनकी विधानसभा ट्रेनिंग में ड्यूटी लगाई गई है बैंक में शाखा प्रबंधक लिपिक खजांची अकाउंटेंट क्लर्क सहित तमाम बैंक कर्मी मौजूद दिखे हैं लेकिन फिर भी ग्राहकों के साथ अभद्रता कर उनके जमा रकम की निकासी और उनके द्वारा बैंक में जमा करने गई रकम को बैंक में नहीं जमा कराया गया है लोगों ने बैंक अधिकारी और जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए चुनाव के नाम पर ग्राहकों से अभद्रता करने वाले शाखा प्रबंधक और कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की है इस संबंध में लीड बैंक प्रबंधक से बात की गई तो उन्होंने शाखा प्रबंधक के बात कर शिकायत निस्तारण की बात कही है।

हिजाब पहनने को लेकर चली बहस

-कुलदीप चंद अग्निहोत्री-

कर्नाटक में लड़कियों द्वारा हिजाब पहनने को लेकर चली बहस ने अब एक आंदोलन का रूप धारण कर लिया लगता है। इस पर चर्चा करने से पहले इस मामले को जान लेना जरूरी है। ऊडुपी के एक स्कूल से जुड़ा यह मामला है (कर्नाटक में 10 जमा 2 के स्कूलों को कालेज ही कहा जाता है)। प्रत्येक राज्य में आम तौर पर स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए वर्दी निर्धारित होती है, जिसे सभी विद्यार्थियों को पहन कर आना होता है। इस स्कूल में भी ऐसा ही था और सभी छात्र वर्दी पहन कर आते भी थे। अचानक एक दिन कुछ लड़कियां स्कूल की वर्दी न पहन कर हिजाब पहन कर स्कूल में आ गईं। जाहिर है कि स्कूल के प्रिंसिपल उन्हें वर्दी पहन कर आने के लिए कहते और उन्होंने ऐसा कहा भी। इन लड़कियों को स्कूल से जाने और वर्दी पहन कर आने के लिए कहा। लेकिन इन लड़कियों ने अजीब उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि वे स्कूल की वर्दी पहन कर नहीं आ सकतीं क्योंकि उनका मजहब उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं देता। उनके मजहब के हिसाब से लड़कियों के लिए हिजाब पहनना लाजिमी है। लेकिन हैरानी की बात तो यह थी कि इतने साल से ये लड़कियां स्कूल की वर्दी पहन कर ही आ रही थीं, लेकिन इन्हें अचानक एहलाम हुआ कि बिना हिजाब के तो उनका मजहब नष्ट हो रहा है। स्कूल वालों ने पूछा कि आपका कौन सा मजहब है जो स्कूल की वर्दी पहनने से नष्ट हो जाता है और सिर पर हिजाब पहन लेने से चुस्त-दुरुस्त हो जाता है? तब उन्होंने बताया कि वे इस्लाम मजहब को मानने वाली हैं।

तब जाकर पता चला कि सारा मामला है क्या। यानी बिना हिजाब पहने स्कूल में आने से मजहब खतरे में पड़ जाता है। लेकिन जल्दी ही परतें खुलने लगीं। पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी को बुला कर चेतावनी दी कि भारत मुसलमान लड़कियों के अधिकारों को सीमित कर रहा है। उनकी शिक्षा में बाधा डाली जा रही है। यह सहन नहीं किया जाएगा। टुकड़े-टुकड़े गैंग अपने पूर्ववर्ती अभियानों के टुकड़ों को फिर से चुनने में व्यस्त हो गया ताकि एक नया भारत विरोधी अभियान सृजित किया जा सके। पश्चिमी देशों के कुछ अखबारों को एक नया सूत्र दे दिया गया। किसान आंदोलन के बाद वे खाली हाथ हो गए थे। जल्दी ही कर्नाटक के बाद बंगाल व कुछ अन्य

प्रदेशों में भी सुगबुगाहट होने लगी थी कि देश के स्कूलों में छात्रों के लिए एक वर्दी निश्चित कर देने से इस्लाम खतरे में पड़ता जा रहा है और उसकी रक्षा के लिए सभी काम छोड़ कर मैदान में आने की आवश्यकता पर जोर दिया जाने लगा। लेकिन असली धमाका तब हुआ जब सोनिया गांधी जी की बेटी प्रियंका गांधी, जो आजकल उत्तर प्रदेश में सोनिया जी की पार्टी को पुनः स्थापित करने में जी-जान से जुटी हुई हैं, ने कहा कि लड़कियों को कुछ भी पहनने का अधिकार है, वे चाहें तो बिकनी भी पहन सकती हैं। उन्हें रोकने का किसी को अधिकार नहीं है। प्रियंका गांधी के इस मार्गदर्शन से मामला और साफ हो गया। बहस स्कूल की वर्दी को लेकर हो रही थी और प्रियंका इसको स्त्री सशक्तिकरण से जोड़ने लगीं और उसके लिए उन्होंने बिकनी को भी हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

मामला स्कूल की वर्दी से निकल कर मजहब तक पहुंच गया और वहां से निकल कर अंततः इस्लाम पर सिमट आया। इस्लाम के मामलों के जानकार मत विनत दे ही रहे थे कि प्रियंका गांधी के कूद पड़ने से इतना जाहिर हो गया कि असल में मामला इस्लाम मजहब का नहीं है, यह मामला भारत विरोधी राजनीति का है। क्योंकि प्रियंका गांधी धरती से आकाश तक के अन्य सभी विषयों की माहिर होने का दावा भले ही कर सकती हों, लेकिन वे शायद स्वयं भी इस्लाम मजहब की विशेषज्ञता का दावा तो नहीं ही कर सकतीं। उनके मैदान में आ जाने से साफ हो गया कि ऊडुपी स्कूल की वे लड़कियां तो मोहरा भर हैं, मामले के तमाम सूत्र कहीं अन्य स्थानों पर उलझे हुए हैं। इन तमाम सूत्रों को नचाने वाले कौन हैं, जो भारत में अस्थिरता पैदा करने के षड्यंत्र रचते रहते हैं। वे कौन लोग हैं जो किसान आंदोलन के समाप्त हो जाने के कारण उदास हो गए थे। इधर अखबारों में ये खबरें भी आ रही थीं कि सोनिया कांग्रेस ने जिनको भारत का उपराष्ट्रपति तक बना दिया था, ऐसे हामिद अंसारी भाई भी पीछे अमेरिका जाकर विस्तार से बता आए थे कि भारत में मुसलमान खतरे में पड़ गए हैं। लेकिन आखिर यह बात कहने के लिए उन्हें सात समुद्र पार अमेरिका क्यों जाना पड़ा? वे यही बात हिंदुस्तान में भी कह सकते थे और वास्तव में तो काफी अरसे से, खासकर उपराष्ट्रपति के पद से मुक्त हो जाने के बाद से तो कह ही रहे थे। फिर इतनी दूर जाने की जरूरत क्या थी। हामिद अंसारी जानते थे कि यहां हिंदुस्तान में तो मुसलमान ही पूछ सकते थे कि यदि आप जैसा आदमी भी उपराष्ट्रपति बन सकता है तो मुसलमान खतरे में कैसे?

अमेरिका में ऐसा सवाल कोई नहीं करेगा। वैसे भी अमेरिका में न्यूयार्क पोस्ट और वाशिंगटन पोस्ट को हामिद जैसे लोगों का बयान ही चाहिए होता है, उस पर महल उन्होंने खुद ही खड़ा करना होता है। जब वह महल खड़ा हो जाता है तो टुकड़े-टुकड़े गैंग उसको वहां से उठा कर दिल्ली ले आता है और जामा मस्जिद के आगे खड़ा होकर चिल्लाता है, देखो, हिंदुस्तान में मुसलमानों के साथ क्या हो रहा है! वैसे मैं इसे संयोग ही मानूंगा कि हामिद अंसारी के अमेरिका से भारत वापस आने के कुछ समय बाद ही कर्नाटक की इन लड़कियों या इनके माता-पिता को ख्याल आया कि स्कूल की वर्दी से मजहब खतरे में पड़ गया था। दरअसल हिंदुस्तान की मस्जिदों पर एटीएम (अरब सैयद, तुर्क, मुगल मंगोल) का कब्जा है। एटीएम का अर्थ है, ए यानी अरब सैयद, टी यानी तुर्क और एम यानी मुगल मंगोल। ये भारतीय मूल के मुसलमान नहीं हैं। ये मूलतः अरब और मध्य एशिया से हमलावर के रूप में भारत में आए थे। इनकी कुल जनसंख्या हिंदुस्तान के मुसलमानों में बमुश्किल पांच प्रतिशत है। ऐसा हिंदुस्तान के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद भी मानते थे। वे खुद भी अरब सैयद थे। हिंदुस्तान की सब मस्जिदों पर इन्हीं अरब सैयदों का कब्जा है। ये 95 प्रतिशत भारतीय मुसलमानों, जिनका न अरब से कुछ लेना-देना है और न ही मध्य एशिया से, को नाच नचाते हैं क्योंकि भारत के इस्लामी मजहबी स्थान इनके नियंत्रण में हैं। कर्नाटक में स्कूल की वर्दी से इस्लाम के खतरे में पड़ जाने की दूषित कल्पना एटीएम की ही हो सकती है जिसका शिकार भारतीय बच्चों का बनाया जा रहा है। अब मामला कर्नाटक उच्च न्यायालय में लंबित है। उसके निर्णय की प्रतीक्षा करनी होगी। उसके बाद ही एटीएम आगे की रणनीति बनाएगा।

संपादक की कलम से

वादे के आधार पर किसकी होगी नैया पार

देश में पंजाब, मणिपुर, गोवा, उतराखंड एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधान सभा होने जा रहे है है। जिसके प्रथम चरण का 10 फरवरी को उत्तरप्रदेश राज्य के 11जिलों की 58 विधान सभा सीट से चुनाव शुरू हो गया है जहां 58 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है। इस चुनाव में आम जनता को अपनी ओर आकर्षित कर सर्वाधिक जनमत पाकर सत्ता तक पहुंचने की होड़ में प्रायः सभी राजनीतिक दल अपने - अपने चुनावी घोशण पत्र में लुभावनी वादे की लम्बी कतार लगा दिये है। इस दिषा में उत्तर प्रदेश चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिये भाजपा ने लोक कल्याण संकल्प पत्र के नाम से जारी अपने घोषणा पत्र में जहां 130 वादे का जिक्र किया है वहीं सपा अपने संकल्प पत्र में 22 तों कांग्रेस ने उन्नति विधान पत्र के नाम से जारी घोषणा पत्र में वादे किये है। इस तरह के जारी वादों की कतार में कई वादे एक जैसे लग रहे है। पर इन वादों के आधार पर चुनाव में किसकी नैया होगी पार, किसके सिर होगा ताज यह तो चुनाव उपरान्त 10 मार्च को आने वाले परिणाम में ही पता चल पायेगा। इन चुनावों में प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा जारी घोषणा पत्र के स्वरूप पर एक नजर डालें जहां भाजपा ने लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में चुनाव उपरान्त आम जनता को मुफ्त 2 एलपीजी सिलेंडर,,स्कूटी, किसानों को मुफ्त बिजली समेत अनेक वादे षामिल है जिसमें प्रमुख रूप से लव जेहाद पर 10 साल की जेल और 1साल का जुमार्ना,10 लाख रोजगार और स्वरोजगार के मौके, 2000 नई बसे, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों, विधवा और निराश्रित महिला को 1500रू. का पेंशन, सभी निर्माण श्रमिकों को मुफ्त जीवन बीमा, हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोगार, 2 करोड़ टैबलेट या स्मार्ट फोन, 6000 डॉक्टर, 10 हजार पैराममडिकल, किसानों को सिचाई के लिये म्फ्तु बिजली, निशादराज बोट सब्सिडी,, कॉलेज जाने वाली हर महिला को मुफ्त स्कूटी, गरीब परिवार के बेटियों के विवाह के लिये 1लाख रू. की आर्थिक मदद, 1 करोड़ महिला को आत्म निर्भर बनाने के लिये 1 लाख का लोन, 60 साल से अधिक उम्र की महिला को मुफ्त यात्रा,, हर मंडल में एक यूनिवर्सिटी बनाये जाने की बात की है तो सपा ने अपने संकल्प पत्र में मलाओं को सरकारी नौकरी में 33 फिसदी आरक्षण, के साथ , 300 यूनिट बिजली फ्री, पुरानी पेंशन बहाली के साथ आईटी सेक्टर में 22 लाख लोंगों को रोजगार, 11लाख खाली पद भरने,,संविदा प्रणाली खत्म करने,अलग से महिला विंग बनाने, 1 करोड़ नौकरी का सृजन, सिचाई के लिये मुफ्त बिजली देने, सभी फसलों को एमएसपी योजना से जोड़ने, किसान आयोग गठित करने, कामधेनु योजना दुबारा षुरू करने बीपीएल परिवार को हर साल दो एलपीजी सिलेंडर मुफ्त, दो पाहिया वाहन मालिकों को हर माह एक लीटर फ्री पेटोल, ऑटो चालकों को 3 लीटर पेटोलत्र 6 लीटर सीएनजी , वृद्ध , महिला व बीपीएल परिवार को हर साल 18000 रू . का पेंशन सहित अनेक वादा किया है। कांग्रेस ने यूपी के लिये अपने घोशणा पत्र में किसानों का पूरा कर्ज 10 दिन के अन्दर माफ करने के साथ बिजली बिल हॉफ , कोरोना काल का बकाया माफ, कोरोना काल के प्रभावित लोगों को 25000 रू. 20 लाख सरकारी नौकरी, 40 फिसदी महिलाओं रोजगार में आरक्षण मध्यम वर्ग को किफायती आवास ,पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मुकादमा खत्म।

कनाड़ा के ट्रक चालक और भारत के किसान आंदोलन की समानता

-अशोक मधुप-

कनाडा के ट्रक चालक और दिल्ली के किसान आंदोलन में काफी कुछ एक जैसा ही है। ये ट्रक चालक अपनेदअपने ट्रक लेकर कनाडा की राजधानी ओटावा आए हैं। भारत में किसान अपने ट्रेक्टर लेकर दिल्ली पर चढ़ने के इरादे से आए थे। किसान भी लंबे समय रूकने के लिए खाने-पीने का सामान लेकर आए और एक साल रूके। ये ट्रक चालक भी रूकने की तैयारी के साथ आए हैं। कनाडा में पचास हजार के आसपास ट्रक चालकों ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का निवास शनिवार को घेर लिया। वे अपने ट्रक साथ लिए हुए है। ये ट्रक चालक अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। नारे लगा रहे हैं। वाहनों के हॉर्न बजा रहे हैं। ये लंबे समय के प्रवास के इरादे से खाने-पीने का सामान लेकर राजधानी आए हैं। हालत इतनी खराब है कि राजधानी ओटावा के चारों और सत्तर मील तक जाम लगा हुआ है। शहरवासी परेशान है। ट्रक चालकों ने अपने करीब 70 किमी लंबे काफिले को 'फ्रीडम कान्वॉइ' नाम दिया है। ट्रक वाले कनाडा के झंडे के साथ 'आजादी' की मांग वाले झंडे लहरा रहे हैं। वे पीएम ट्रूडो के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। आंदोलन को हजारों अन्य प्रदर्शनकारियों का भी साथ मिल रहा है। सड़कों पर हजारों की संख्या में बड़े-बड़े ट्रकों की आवाजें लगातार सुनाई दे रही हैं। ये ड्राइवर ट्रकों के हॉर्न लगातार बजाकर सरकार का विरोध कर रहे हैं। वे संसद के पास पहुंच गए हैं।हालत इतनी खराब है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनके परिवार ने भारी विरोध प्रदर्शन की वजह से देश की राजधानी स्थित अपने आवास को छोड़ दिया है। वे किसी गुप्त स्थान पर जाकर छिप गए हैं।

इसे भी पढ़ें: किसानों के मुद्दे पर बिना मांगे सलाह देने वाले ट्रूडो को कनाडा के 'सिंघू बॉर्डर' वाले प्रदर्शन से अपना आवास छोड़कर भागना पड़ा ये ट्रक चालक कोरोना वैक्सीन जनादेश और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिबंधों को समाप्त करने का विरोध कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह एक जगह पर ट्रकों का दुनिया का सबसे बड़ा जमावड़ा है। खबरें के मुताबिक पूरे कनाडा से करीब एक सप्ताहि की लंबी यात्रा करने के बाद ये विशालकाय ट्रक राजधानी ओटावा पहुंचे हैं। प्रदर्शन के आयोजकों ने जोर देकर कहा है कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा, पर इतनी भीड़ के सामने पुलिस लाचार नजर आ रही है। पुलिस ने कहा है कि वे इस संकट के लिए तैयार नहीं हैं। ट्रक चालकों में गुस्सा इस बात का भी है कि कुछ दिन पहले कनाडाई पीएम ने एक बयान में ट्रक वालों को 'महत्व नहीं रखने वाले अल्पसंख्यक' करार दिया था। पीएम ट्रूडो ने कहा है कि ट्रक वाले विज्ञान के विरोधी हैं। वे न केवल खुद के लिए बल्कि कनाडा के अन्य लोगों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। शहर में स्थिति गंभीर हो गई है। आलम यह है कि ओटावा जाने वाले रास्ते पर ट्रकों की 70 किमी तक लंबी कतार लग गई है जिसके कारण अन्य यात्रियों को भी आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लगता है कि कनाडा सरकार ने इस आंदोलन को गंभीरता से नही लिया। एक सप्ताह पूर्व चले आंदोलनकारियों के ट्रक राजधानी से पूर्व रोकने की व्यवस्था नही की गई। आंदोलन की गंभीरता नही समझी गई। काश सरकार पहले से सचेत होती तो हालात इतन खराब न होते। अभी एक साल पूर्व भारत में भी ऐसा ही प्रदर्शन हुआ था। पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान दिल्ली के रास्तों पर धरना देकर बैठ गए थे। वे इस धरने के लिए अपने वाहन ट्रेक्टर आदि साथ लाए थे। लंबे समय रूकने के लिए उन्होंने यहां तंबू लगाए। स्टेज बनाई। खाने पीने की सारी व्यवस्थाएं की। उनकी सेवा के लिए समाजसेवी संगठन उतर आए। उन्होंने आंदोलन स्थलों पर जनसुविधांए उपलब्ध करांई। चिकित्सा शिविर शुरू हो गए। भोजन के लिए भंडारें और लंगर शुरू हो गए। ये आंदोलन करीब एक साल चला। जब दिल्ली आंदोलन से जूझ रहा था, उस समय कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इन किसानों का समर्थन कर रहे थे। किसान दिल्ली का आवागमन तो पूरी तरह नही रोक सके, पर इनके धरना स्थल से पहले से दिल्ली आने वालों को लंबा रास्ता तैकर आना पड़ा। काफी परेशानी उठानी पड़ी।

लालू पर शिकंजा

-सिद्धार्थ शंकर-

26 साल से कोर्ट में चल रहे देश के बहुचर्चित चारा घोटाले में एक बार फिर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को तगड़ा झटका लगा है। पांचवें और सबसे बड़े मामले डोरंडा केस में भी लालू को सीबीआई की विशेष कोर्ट ने दोषी ठहराया है। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। लालू प्रसाद यादव पर सजा का एलान अब 21 फरवरी को किया जाएगा। 139.5 करोड़ रुपए की अवैध निकासी केस में सजा का ऐलान बाद में होगा। इस मामले में 36 लोगों को 3-3 साल की सजा सुनाई गई है। हालांकि, लालू प्रसाद यादव पर सजा का एलान अब 21 फरवरी को किया जाएगा। यह मामला डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपए की अवैध निकासी से जुड़ा है। बिहार की राजनीति से दिल्ली की सियासत में अपना दबदबा रखने वाले लालू चारा घोटाले में ऐसे घिरे कि सियासत में अर्श से फर्श पर आ गए। डोरंडा कोषागार घोटाले में कई चौंकाने वाले मामले सामने आए। जिसमें पशुओं को फर्जी रूप से स्कूटर और मोटरसाइकिल पर ढोने की कहानी शामिल है। मामला 1990-92 के बीच का है। अफसरों और नेताओं ने फजीर्वाड़ा की नई कहानी ही लिख दी। फजीर्वाड़ा कर बताया गया कि 400 सांड़ को हरियाणा और दिल्ली से स्कूटर और मोटरसाइकिल पर रांची तक ढोया गया। यानी घोटाले में जिस गाड़ी नंबर को विभाग ने पशु को लाने के लिए दशार्या था, वे मोटसाइकिल और स्कूटर के नंबर निकले। सीबीआई ने जांच में पयाा कि कई टन पशुचारा, पीली मकई, बादाम, खल्ली, नमक आदि ढोने के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल और मोपेड का नंबर दिया गया था। सीबीआई ने जांच में कहा था कि ये व्यापक षड्यंत्र का मामला है। इसमें राज्य के नेता, कर्मचारी और व्यापारी सब भागीदार थे। इस मामले में बिहार के एक और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र समेत राज्य के कई मंत्री गिरफ्तार किए गए थे। लालू प्रसाद को अब तक करोड़ों रुपये के चारा घोटाले से जुड़े पांच में से चार मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। चारा घोटाले के चार मामलों- देवगढ़, चाईबासा, रांची के डोरंडा कोषागार और दुमका मामले में लालू प्रसाद को जमानत दे दी गई थी। डोरंडा केस में लालू को सजा ऐसे समय हुई है, जब वे बिहार की राजनीति में सक्रिय भूमिका में आने लगे थे और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर नीतीश के साथ तेजस्वी यादव की नजदीकी के पीछे भी लालू की भूमिका मानी जा रही थी। लालू यादव अगर फिर से जेल जाते हैं तो यह राजद के लिए बड़े झटके जैसा होगा। बिहार की राजनीति में भाजपा और जदयू को कहने का मौका मिल जाएगा कि राजद सिर्फ कमाई के लिए सत्ता चाहती है। यह किसी से छिपा नहीं है कि बिहार की राजनीति में लालू का क्या प्रभाव है। वे नीतीश के साथ सरकार बनाकर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। एक बार फिर वे इसी राह पर आगे बढ़ रहे थे। अब 21 फरवरी को तय होगा कि लालू यादव बिहार की राजनीति में वापसी कर पाएंगे या नहीं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का बिहार में राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता है। बदले हालात में लालू के प्रतिद्वंद्वियों की नजर उनके सामाजिक आधार व परांपरागत वोटरों में पैठ बनाने की है।

एक ही उम्र और एक ही तारीख को अलविदा हुए मेरे माता पिता!

-डा. श्रीगोपालनारसन एडवोकट-

'माता -पिता' शब्द सुनते ही अपने माता -पिता का चेहरा हमारी आंखों के सामने आ जाता है और हमारी उम्र कितनी भी हो जाए,तब भी हम स्वयं को बच्चा महसूस करने लगते है इसी सुखद सोच से हम अपने बड़ो को याद करते है। माता पिता चाहे किसी के भी हो, उनके कदमों में स्वर्ग सी अनुभूति होती है। जब कभी स्नेह वश बालिग हो जाने के बाद भी मैं मां की गोद मे सिर रखकर उनका दुलार पाता था या फिर पिता का स्नेहशील हाथ मेरे सिर पर आ जाता था तो उस समय मैं स्वयं को सबसे भाग्यशाली व सुरक्षित महसूस करता था लेकिन जब मेरे माता पिता इस दुनिया से चले गए तो मुझे लगा जैसे मुझ पर से किसी ने मेरा साया छीन लिया और मैं सदा के लिए अनाथ हो गया। इसी कारण माता पिता के चले जाने के बाद मेरे जीवन में उदासी व अवसाद इस कदर आया था जैसे मेरी दुनिया ही सुनी हो गई थी।वास्तव में माता पिता के दिवगंत होने के बाद उनके कदमों की जन्नत ने मेरा साथ छोड दिया था। मुझे अब न मां की गोद में सिर रखकर मां के ममत्व की अनुभूति हो पा रही थी, न ही पिता के ममत्व भरे हाथ मेरे सिर को सहलाने के लिए अब बचे थे। माता पिता की देह से तो मैं हमेशा के लिए वंचित हो गया था परन्तु आत्म स्वरूप में माता पिता का अक्स आज भी मेरी आंखों में बसा हुआ है और लगता है कि वे मुझे कदम कदम पर सन्मार्ग दिखाते रहते है। आज भी लगता है कि जैसे वे मुझे जीवन की कठिन राह पर उगंली पकडकर लेकर चलते है। मै भी माता पिता के अक्स और उनकी यादों के साथ उनके बताए मार्ग पर चल निरंतर चल रहा हूँ।उसी मार्ग पर जिस मार्ग पर ले चलने का उन्होने स्वपन बुना था। माता पिता के आदर्शो पर चलने की प्रेरणा ही मेरी सफलता का कारण बनी है।मेरे लौकिक माता पिता के चले जाने के बाद मुझे परमात्मा शिव की रूहानी गोद प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग के माध्यम से मिली।

उत्तर प्रदेश का तीसरा चरण: फिर सपा के गढ़ में सेंधमारी के प्रयास में भाजपा

-अजय कुमार-

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरूआती दो चरण का चुनाव प्रचार काफी धमाकेदार रहा। सियासी ऊंट किस करवट बैठा, इसको लेकर दावे-प्रतिदावों का दौर तो जारी है, लेकिन असलियत वोटिंग मशीनों में बंद हो गई है,जो 10 मार्च को खुलेंगी। अब तो तीसरे चरण के लिए गोटें सजाई जा रही हैं। तीसरे चरण में यादव बाहुल्य जिलों और बुंदलेखंड इलाके की 59 सीटों पर 20 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। तीसरे चरण में सबसे बड़ा मुकाबला मैनपुरी के करहल में होगा, जहां से भावी मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव प्रत्याशी हैं। तीसरे चरण में बुंदेलखंड को छोड़कर जिन जिलों में मतदान होना है, वहा सपा का परंपरागत गढ़ और यादव बेल्ट है, जहां से 2017 में बीजेपी ने क्लीन स्वीप किया था। बुंदेलखंड में तो विपक्ष खाता भी नहीं खोल सका था। अखिलेश की असल परीक्षा अब तीसरे चरण में होनी है, तीसरे चरण में यह भी तय हो जाएगा कि क्या अखिलेश ने नेताजी मुलायम सिंह यादव जैसी पकड़ अपने गढ़ में बना ली है या अभी उनको और मेहनत करनी पड़ेगी। इसी चरण में एक दलित युवती के साथ बलात्कार के बाद हत्या के चर्चा में आया हाथरस, माफिया विकास दुबे एनकाउंटर के बाद सुर्खियां बटोरने वाला कानपुर और इसके चलते यहां ब्राहमणों की नाराजगी का किसको फायदा होगा और किसको नुकसान इसका भी फैसला हो जाएगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरू के दो चरणों की 113 सीटों पर मतदान खत्म हो चुका है। पहले चरण में जहां पश्चिमी यूपी में जाटलैंड इलाके वाली सीटों पर चुनाव थे तो दूसरे चरण में मुस्लिम बहुल विधान सभा सीटों पर वोटिंग हुई थी। वहीं, अब तीसरे चरण में मध्य उत्तर प्रदेश के यादव बेल्ट और बुंदेलखंड इलाके की 59 सीटों पर सियासी दलों ने अपनी जोर-आजमाइश तेज कर दी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए सत्ता में वापसी लिए यह चरण सबसे अहम है तो बीजेपी के लिए भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसा इसलिए भी लग रहा है क्योंकि पहले दो चरणों में सपा-भाजपा के बीच मुकाबला बराबरी का बताया जा रहा है।

तीसरे चरण में हाथरस, फिरोजाबाद, कासगंज, एटा, मैनपुरी, फरुर्खाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया, कानपुर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर और महोबा जिले की 59 सीटे हैं। इसमें ब्रज और यादव बेल्ट के सात तो बुंलेदखंड के पांच जिले शामिल हैं। 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण की जिन 59 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, उनमें से 90 फीसदी सीटों पर फिलहाल बीजेपी का कब्जा है। 2017 के विधान सभा चुनाव में इन 59 सीटों में से 49 सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी जबकि नौ सीट पर सपा और महज एक सीट पर कांग्रेस को जीत मिली थी। बसपा खाता भी नहीं खोल सकी थी। सत्ता में रहने के बावजूद भी सपा ने अपने गढ़ में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया था। मोदी लहर पर सवार बीजेपी ने 49 सीटें जीतकर एक नया रेकॉर्ड बनाया। पिछले तीन दशक में किसी भी पार्टी के लिए इस चरण में यह सबसे बड़ी जीत थी। तीसरे चरण में बीजेपी के लिए जहां अपनी सीटें बचाने की चुनौती है तो सपा और बसपा की साख दांव पर होगी। पिछली बार चुनावी नतीजो के देखते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद ही तीसरे चरण में चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने के लिए मैनपुरी जिले की करहल सीट से उतरे हैं। वहीं चचा-भतीजे की सुलह के बाद चचा शिवपाल यादव अपनी परम्परागत इटावा जिले की जसवंतनगर सीट से ताल ठोक रहे हैं। शिवपाल कभी सपा के सबसे बड़े रणनीतिकार हुआ करते थे, लेकिन अब पार्टी में हालात बदल चुके हैं। अखिलेश को अपना नेता मान चुके शिवपाल से समाजवादी पार्टी को कितना फायदा होगा, इसको लेकर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। अखिलेश के सामने अपने गढ़ में खिसके सियासी आधार को दोबारा से हासिल करने की है तो बुंदेलखंड के जिन जिलों की सीटों पर चुनाव हैं, वहां पर पिछली बार बसपा-कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। दरअसल, 2017 में एटा, कन्नौज, इटावा, फरुखार्बाद, कानपुर देहात जैसे जिलों में भी सपा को करारा झटका लगा था। जबकि, 2012 के चुनाव में इन जिलों में सपा ने क्लीन स्वीप किया था। सपा को तीसरे चरण में तब 37 सीटें मिली थीं और 2017 में महज 9 सीटों से संतोष करना पड़ा था। यहां पर बीजेपी का गैर-यादव ओबीसी कार्ड काफी सफल रहा था। शाक्य और लोध वोटर एकमुश्त बीजेपी के पक्ष में गए थे, लेकिन इस बार सपा ने भी इन वोटों को साधने का खास इंतजाम किया।

हाथरस जिले की सीटों का चुनाव भी इसी चरण में हैं, जहां दलित युवती के साथ बलात्कार और हत्या और उसके बाद प्रशासनिक मशीनरी का व्यवहार राष्ट्रीय मुद्दा बनबन गया था। अखिलेश यादव वोटरों के जेहन में इस मसले को जिंदा रखने के लिए हर महीने ह्याहाथरस की बेटी स्मृति दिवसह्न मना रहे हैं। इत्र नगरी कन्नौज पर छापेमारी को सपा एक बड़ा मुद्दा बनाया था और कन्नौज के बदनाम करने का आरोप अखिलेश बीजेपी पर लगाते रहे हैं। वहीं, बिकरू कांड वाला इलाका में भी वोटिंग इसी चरण में होनी है।

विकास दुबे पुलिस एनकाउंटर और उसके एक सहयोगी अमर दुबे की पत्नी खुशी दुबे । को जेल भेजा जाना यहां मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष इसे ब्राह्मणों के साथ अन्याय बता रही है तो कांग्रेस ने खुशी दुबे की बहन नेहा तिवारी को कल्याणपुर से चुनाव में उतार दिया है।

अन्य खेल समाचार

पूरी हुई BCCI की तलाश, इस खिलाड़ी को अगले हफ्ते बनाया जाएगा भारत का नया टेस्ट कप्तान!

नई दिल्ली. विराट कोहली अब किसी भी फॉर्मेट में भारत के कप्तान नहीं हैं. कोहली के अचानक टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद BCCI इस सोच में डूबी थी कि आखिर किसे टेस्ट का नया कप्तान बनाया जाए. टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो एक खिलाड़ी ऐसा हैं, जो विराट कोहली की जगह नया टेस्ट कप्तान बनने के लिए फिट बैठता है.

पूरी हुई BCCI की तलाश

BCCI अगले हफ्ते रोहित शर्मा को टेस्ट टीम की कमान सौंपेगी. BCCI ने पहले ही साफ कर दिया था कि वो अलग-अलग फॉर्मेट अलग-अलग कप्तान बनाने के मूड में नहीं है. इससे साफ जाहिर होता कि वनडे और टी-20 कप्तान रोहित शर्मा को ही टेस्ट टीम की कमान सौंपी जा सकती है.

ये खिलाड़ी बनेगा भारत का नया टेस्ट कप्तान

BCCI के अधिकारियों ने Insidesports.in को बताया, %सेलेक्टर्स, प्लेयर्स, कोच, सबके जहन में बस एक नाम है, रोहित शर्मा. रोहित शर्मा के टेस्ट कप्तान बनाए जाने का आधिकारिक ऐलान अगले हफ्ते श्रीलंका के साथ सीरीज के लिए टीम के चयन के साथ किया जाएगा. अगले हफ्ते श्रीलंका के खिलाफ टीम चुनने के लिए भारतीय सेलेक्टर्स की मीटिंग होने वाली है.

अगले हफ्ते होगा ऐलान

रोहित शर्मा के नाम पर मुहर अगले हफ्ते लग सकती है. उसी दौरान टीम इंडिया का श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए चयन भी होगा. भारतीय सेलेक्टर्स जब श्रीलंका के लिए टीम चुनने बैठेंगे उसी दौरान रोहित शर्मा के टेस्ट कप्तान बनाए जाने की घोषणा भी करेंगे.

श्रीलंकाई टीम करेगी भारतीय दौरा

भारत और वेस्टइंडीज की सीरीज खत्म होने के बाद टीम इंडिया को श्रीलंका (Sri Lanka)के साथ भिड़ना है. श्रीलंका का भारत दौरा 24 फरवरी से शुरू हो रहा है. इस दौरे पर उसे 3 टी20 मैचों की सीरीज के अलावा 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है.

हरमनप्रीत कौर के खराब फॉर्म पर भड़की पूर्व कप्तान, कहा- नॉटआउट 171 रनों की एक पारी दे दम पर टीम में नहीं बनी रह सकतीं हैं वो

नई दिल्ली. 4 मार्च से आईसीसी महिला वर्ल्ड कप न्यूजीलैंड में खेला जाना है और उससे ठीक पहले भारतीय स्टार ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर की खराब फॉर्म टीम इंडिया के लिए सिरदर्द बनी हुई है। भारत की पूर्व कप्तान डायना इडुल्जी का तो मानना है कि हरमन को टीम से बाहर करने के समय आ गया है। 2017 वर्ल्ड कप में हरमनप्रीत ने नॉटआउट 171 रनों की पारी खेली थी, जो महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे शानदार पारियों में गिनी जाती है, लेकिन इडुल्जी का मानना है कि उस एक पारी के दम पर हरमनप्रीत अब टीम में नहीं बनी रह सकती हैं।

2017 वर्ल्ड कप के बाद से हरमनप्रीत कौर अभी तक महज दो बार की 50+ स्कोर बनाने में कामयाब हुई हैं। 32 साल की हरमन पिछले कुछ समय से फिटनेस की समस्याओं से भी जूझ रही हैं। हाल में महिला बिग बैश लीग में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुनी गई थीं, लेकिन भारतीय टीम की ओर से उनका लगातार निराशाजनक प्रदर्शन जारी है।एनडीटीवी से बातचीत के दौरान इडुल्जी ने कहा, %अगर जेमिमाह रॉड्रिगुएज को टीम से बाहर किया गया, तो हरमनप्रीत के साथ भी ऐसा किया जा सकता है। मैं उनसे बहुत निराश हूं। वह मेरी फेवरेट खिलाड़ी थीं, लेकिन आप एक पारी के दम पर टीम में नहीं बने रह सकते हैं। वह एक अच्छी पारी से ज्यादा दूर नहीं हैं, लेकिन उसके लिए एफर्ट दिखने चाहिए। मैं बहुत खुश होंगी अगर उन्होंने मुझे गलत साबित कर दिया।

IPL: ऑक्शन के बाद SRH की टीम में बड़ा बवाल, इस वजह से नाराज होकर कोच ने छोड़ा पद

नई दिल्ली. IPL 2022 के मेगा ऑक्शन के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खेमे में एक बड़ा बवाल हो गया है. टीम के असिस्टेंट कोच साइमन कैटिच ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. जानकारी मिली है कि साइमन कैटिच ने आईपीएल मेगा ऑक्शन 2022 के खत्म होने के बाद ही अपना इस्तीफा दे दिया था.

ऑक्शन के बाद स्क्रा की टीम में बड़ा बवाल

आईपीएल 2022 की शुरुआत से पहले साइमन कैटिच का जाना फ्रेंचाइजी के लिए खतरा साबित हो सकता है. साइमन कैटिच ने सनराइजर्स टीम पर आरोप लगाते हुए अपना पद छोड़ा है. द ऑस्ट्रेलियन की खबर के अनुसार जिस तरीके से टीम को चलाया जा रहा था, उससे कैटिच नाखुश थे और मेगा ऑक्शन से पहले जो प्लान बनाए गए थे. उन पर अमल नहीं किया गया.

इस वजह से नाराज होकर कोच ने छोड़ा पद

इसके बाद कैचिट ने हैदराबाद का साथ छोड़ने का फैसला किया है. उनके इस फैसले को बाद यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या टीम के मालिक यह फ्रेंचाइजी ठीक से नहीं चला पा रहे हैं, क्योंकि पिछले एक साल में तीन कोच हैदराबाद का साथ छोड़ चुके हैं.

डेविड वॉर्नर का भी मुद्दा

कैटिच के इस्तीफे की वजह फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन की रिपोर्ट के अनुसार, सलामी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान डेविड वॉर्नर के हैदराबाद टीम में न खरीदे जाने से कैटिच नाराज थे. हैदराबाद ने इस बार नीलामी में वॉर्नर को नहीं खरीदा है. वॉर्नर इस बार दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे.

तीन कोच छोड़ चुके हैं पद

इससे पहले ट्रेवर बेलिस और ब्रेड हैडिन भी हैदराबाद के कोच का पद छोड़ चुके हैं. 2021 के बाद यह तीसरा मौका है, जब हैदराबाद के किसी कोच ने इस्तीफा दिया है. वीवीएस लक्ष्मण लंबे समय तक इस टीम के साथ थे, लेकिन वो अब एनसीए के हेड बन चुके हैं. डेविड वार्नर भी अब टीम के साथ नहीं हैं. वॉर्नर ने साल 2016 में अपने दम पर हैदराबाद की टीम को चैंपियन बनाया था. 2021 में उन्हें भी कप्तानी से हटा दिया. 2022 में केन विलियमसन स्क्रा। टीम की कप्तानी करेंगे.

क्या काव्या मारन नहीं संभाल पा रही हैं टीम?

सनराइजर्स हैदराबादग की टीम की मालिक काव्या मारन हैं. काव्या मेगा ऑक्शन में खिलाड़ियों को खरीदने से लेकर बाकी चीजों से जुड़े फैसले भी करती हैं. काव्या अक्सर आईपीएल मैच देखने भी पहुंचती हैं और टीम से जुड़े सभी अहम फैसले उन्हें ही करने होते हैं. ऐसे में काव्या की हैदराबाद की टीम लगातार परेशानियों से जूझ रही है. टीम के भरोसेमंद और पुराने खिलाड़ियों को सम्मान नहीं मिल रहा. कोच भी लगातार इस्तीफा दे कर जा रहे हैं. ऐसे में काव्या के काम पर सवाल उठ रहे हैं.

पिछले सीजन में स्क्रा की हुई थी फजीहत

सनराइजर्स के लिए पिछला सीजन बुरा रहा था. पिछले सीजन में हैदराबाद ने 14 में से सिर्फ 3 मुकाबलों में ही जीत दर्ज की थी. हैदराबाद अंक तालिका में 8वें नंबर पर रही थी. हैदराबाद ने इस सीजन के लिए केन विलियसमन, अब्दुल समद, उमरान मलिक को रिटेन किया था. वहीं, मेगा ऑक्शन में एडेन मार्करम, मार्को जेन्सन, निकोलस पूरन, भुवनेश्वर कुमार जैसे खिलाड़ियों को खरीदा था.

'विराट कोहली टोली चौकी आए और खबर बन गई' ; पूर्व कप्तान के साथ बिते किस्सों को याद करके फिर से भावुक हुए मोहम्मद सिराज

नई दिल्ली. आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने इस बार भी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को अपने साथ बरकरार रखा है। आईपीएल नीलामी से पहले ही आरसीबी ने सिराज को 7 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। सिराज ने पूर्व कप्तान विराट कोहली की कप्तानी में ही अपने इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत की। लीग के आगामी सीजन में भी विराट भले फ्रेंचाइजी के कप्तान नहीं होंगे, लेकिन सिराज को उनके साथ ही खेलने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाज सिराज ने कोहली के साथ एक बार फिर से अपने बिते किस्सों को याद किया है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के

पॉडकास्ट शो में यह बात बताई है।सिराज ने कहा, 'मैंने आरसीबी से सभी को अपने घर पर? डिनर के लिए आमंत्रित किया था। मैं होटल से सीधे घर चला गया। जब मैंने उन्हें (विराट को) फोन किया, तो उन्होंने कहा 'मेरी पीठ में अकड़न है, मैं नहीं आ सकता।' मैंने उन्हें आराम करने के लिए कहा। लेकिन, जब सब आए तो मैंने उन्हें कार से उतरते देखा। सब वहां थे, पीपी (पार्थिव पटेल) भाई, चहल भाई। मैं बस भैया (विराट) की तरफ दौड़ा और उनके गले लग गया। यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा आश्चर्य था। क्योंकि भैया (विराट) ने कहा था कि वह नहीं आएंगे। विराट कोहली टोली चौकी आ गए और खबर बन गई।'आरसीबी के पॉडकास्ट पर सिराज ने आगे बताया कि कैसे आईपीएल ने उनकी जिंदगी बदल दी। उन्होंने कहा, 'मेरे पास करने के लिए केवल संघर्ष था। पिताजी ऑटो चलाते थे, मेरे पास केवल एक प्लेटिना था। पेट्रोल के लिए पापा 60 रुपए देते थे और उसी से उप्पल स्टेडियम जाता था, जो मेरे घर से काफी दूर था। जब मुझे आईपीएल के लिए चुना गया तो मेरा सारा संघर्ष खत्म हो गया। पिताजी ने ऑटो चलाना बंद कर दिया, मां ने घर का काम करना बंद कर दिया, हमने किराए के मकान में रहना बंद कर दिया, हमने एक नया घर खरीदा।

IPL में करोड़ों का बिकते ही ये स्टार क्रिकेटर बन गया धोखेबाज! अचानक इस टीम का छोड़ दिया साथ

नई दिल्ली. IPL में करोड़ों का बिकते ही इंटरनेशनल क्रिकेट का एक धुरंधर खिलाड़ी धोखेबाज बन गया है. बता दें कि ये खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू वेड हैं. मैथ्यू वेड को मेगा ऑक्शन में गुजरात टाइटंस ने 2 करोड़, 40 लाख रुपए में खरीदा है. ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने लगातार 3 छक्के लगाकर पिछले साल अपनी टीम को 2021 टी20 वर्ल्ड कप जिताया था.

करोड़ों का बिकते ही ये क्रिकेटर बन गया धोखेबाज

मैथ्यू वेड की इस बार मेगा ऑक्शन में काफी डिमांड थी और गुजरात टाइटंस ने 2 करोड़, 40 लाख रुपए में मैथ्यू वेड को अपने खेमे में शामिल कर लिया. आईपीएल की इस बड़ी डील के मिलते ही अचानक मैथ्यू वेड ने इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट को अलविदा कह दिया. मैथ्यू वेड इंग्लैंड के घरेलू टूर्नामेंट काउंटी क्रिकेट में वॉरसेस्टरशायर क्लब के लिए खेलते थे.

अचानक इस टीम का छोड़ दिया साथ

मैथ्यू वेड ने पूरे सीजन के लिए करार किया था, लेकिन अब अपना नाम वापस ले लिया है, जो धोखा साबित हुआ है. मैथ्यू वेड यह दूसरी बार आईपीएल में खेलेंगे. इससे पहले उन्होंने 2011 सीजन में आईपीएल खेला था. मैथ्यू वेड तब दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए क्रिकेट खेले थे. तब दिल्ली की कप्तानी वीरेंद्र सहवाग के हाथ में थी.

इस बार उन्हें आईपीएल की नई टीम गुजरात टाइटंस ने अपनी टीम में शामिल किया है. आईपीएल में इस बार कुल 10 टीमें होने से रोमांच दोगुना हो जाएगा. इस टीम की कप्तानी हार्दिक पांड्या के हाथ में रहेगी. आईपीएल 2022 का सीजन 26 मार्च से भारत में ही खेला जा सकता है. टूर्नामेंट मई के महीने तक चलेगा.

युवराज सिंह को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से लगा झटका, कुछ राहत के साथ चलेगा मुकदमा

नई दिल्ली. पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय (Punjab and Haryana High Court) ने पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह को झटका देते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत उसके खिलाफ हांसी में दर्ज मामला खारिज करने को लेकर दायर याचिका पर गुरुवार को कुछ राहत प्रदान करते हुए इसे खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति अमोल रतन सिंह की खंडपीठ के फैसले के अनुसार युवराज के खिलाफ उक्त अधिनियम के तहत मामला चलेगा लेकिन इसमें लगी धारा 153ए को हटा दिया है। युवराज ने याचिका दायर कर खुद के खिलाफ हांसी शहर थाने में दर्ज मामला खारिज करने की मांग की थी जिसे अदालत ने आज एक आदेश जारी कर आंशिक रूप से खारिज कर दिया है।

मामले में शिकायतकर्ता रजत कल्सन के वकील अर्जुन श्योराण ने बताया अदालत के आदेशानुसार युवराज के खिलाफ मामला तो चलेगा लेकिन इसमें से धारा 153 ए हटा दी है। अदालत ने युवराज की यह दलील खारिज कर दी कि %भंगी% शब्द का प्रयोग भांग पीने वालों के लिए होता है। अब इस मामले में युवराज के खिलाफ हिसार की अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत स्थापित विशेष अदालत में मुकदमा चलेगा तथा उन्हें हर पेशी पर अदालत में हाजिर होना होगा।

इससे पूर्व, पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने युवराज

को उनके खिलाफ दर्ज मामले में पहले ही अग्रिम जमानत दे रखी है तथा वह हांसी पुलिस की जांच में भी शामिल हो चुके हैं। हांसी पुलिस युवराज को इस मामले में औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अंतरिम जमानत पर रिहा कर चुकी है। हांसी पुलिस अब युवराज के खिलाफ हिसार की विशेष अदालत में आरोपपत्र दायर करेगी ।

दरअसल युवराज ने अपने साथी क्रिकेटर रोहित शर्मा तथा युजवेंद्र चहल से इंस्टाग्राम पर वीडियो चैटिंग करते हुए अनुसूचित जाति समाज के लिए अपमानजनक कमेंट किया था और यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। हांसी के दलित अधिकार कार्यकर्ता रजत कल्सन ने युवराज के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया था जिसे खारिज कराने के लिए युवराज ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी।

Ind vs WI playing Predicted XI: दूसरे टी20 में कैसा होगा भारत का प्लेइंग इलेवन, किन खिलाड़ियों को मिलेगी जगह

नई दिल्ली. भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली रही है। कोलकाता के इडेन गार्डन्स स्टेडियम में सभी मुकाबले खेले जाने है। भारतीय टीम पहले टी20 में जीत दर्ज कर दूसरे मुकाबले को अपने नाम करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। टीम के प्लेइंग इलेवन में बदलाव की उम्मीद नहीं की जा रही है।

ओपनिंग में इशान- रोहित

केएल राहुल चोट की वजह से सीरीज के बाहर हैं ऐसे में पहले मैच में इशान किशन ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत की थी। दूसरे मुकाबले में ओपनिंग जोड़ी में बदलाव की जरूरत नहीं।

विराट, रिषभ, सूर्यकुमार मिडिल आर्डर में

पहले टी20 में भारत का मध्यमक्रम लड़खड़ाया था जिसे दूसरे मुकाबले में बेहतर करे की जरूरत होगी। बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर विराट कोहली नजर आएंगे इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को भेजा जा सकता है। वहीं इसके ठीक बाद सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी आती है।

वेंकटेश, दीपक और भुवनेश्वर नीचले क्रम में

बल्लेबाजी के लिए नीचले क्रम में मजबूती देने के लिए श्रेयस अय्यर को छठे स्थान पर रखा जा सकता है। इसके बाद वेंकटेश अय्यर और फिर गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी में दम दिखाने वाले दीपक चाहर की बारी आएगी।

चहल और रवि की स्पिन जोड़ी

पहले टी20 मुकाबले में अनुभवी युजवेंद्र चहल के साथ डेब्यू करने वाले रवि बिश्नोई ने शानदार गेंदबाजी की थी। दोनों ने विंडीज बल्लेबाजों को हाथ खोलने का ज्यादा मौका नहीं दिया।

तीन तेज गेंदबाज

भुवनेश्वर कुमार तेज गेंदबाजी दल का नेतृत्व करेंगे उनको दीपक चाहर और हर्षल पटेल का साथ मिलेगा। ये तीनों ही टीम के लिए विकेट चटकाने का काम करते रहे हैं।

सुनील गावस्कर का दावा- आईपीएल में शामिल खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट में ज्यादा मेहनत नहीं करते

नई दिल्ली. पूर्व भारतीय कप्तान और मशहूर कमेंटेटर सुनील गावस्कर ने दावा करते हुए कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शामिल खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट में ज्यादा मेहनत नहीं करते, ताकि वे चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर न हो जाएं। हाल ही में बेंगलुरु में 12 और 13 फरवरी को आईपीएल की नीलामी (IPL 2022 Auction) हुई, जहां 10 फ्रेंचाइजियों ने खिलाड़ियों पर मोटी रकम खर्च की। खिलाड़ी

अगर आईपीएल नीलामी या लीग के शुरू होने से पहले चोटिल हो जाता है तो नीलामी के दौरान उसे ज्यादा पैसे नहीं मिलते है। हालांकि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर एक अपवाद साबित है, जिसे चोटिल होने के बाद भी मुंबई इंडियंस ने 8 करोड़ रुपये में खरीदा।

गावस्कर ने अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया के लिए अपने कॉलम में लिखा, आईपीएल नीलामी सभी खिलाड़ियों के लिए जिंदगी बदलने वाली होती है क्योंकि ये उनके और उनके परिवार के लिए एक सुरक्षित भविष्य के रास्ते खोलती है। ऐसे में इसकी भी आशंका बनी रहती है कि कई खिलाड़ी अपनी राष्ट्रीय टीमों के लिए खेलते उतनी ज्यादा मेहनत न करें, खास तौर पर जब आईपीएल आस-पास ही हो।%

आईपीएल नीलामी 2022 में 10 फ्रेंचाइजियों ने 200 से ज्यादा खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 500 करोड़ से ज्यादा रुपये खर्च? किए हैं। ईशान किशन नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिसे मुंबई इंडियंस ने 15.25 करोड़ रुपये में खरीदा। उन्होंने कहा, %यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कोई चोट नहीं है जो उन्हें आईपीएल के लिए फिट होने से रोकेगी और वे उस सुरक्षा चूक जाएंगे जो कि? आईपीएल उन्हें गारंटी देता है। इसलिए वे ज्यादा मेहनत नहीं करना चाहते हैं, ताकि उन्हें आईपीएल से हटना न पड़े।

सार-समाचार

नीदरलैंड : तूफान यूनिस को लेकर अलर्ट जारी, 167 उड़ानों को किया गया रद्द

एम्स्टर्डम. नीदरलैंड में तूफान की चेतावनी के बीच उड़ानें बाधित हुई हैं. डच एयरलाइन केएलएम (Airline KLM) ने कहा है कि तूफान के कारण शुक्रवार को शेड्यूल 167 उड़ानें रद्द कर दी हैं. वहीं नीदरलैंड की मेट्रोलॉजिकल सर्विस ने तूफान यूनिस को लेकर अलर्ट रहने के लिए कहा है. एयरलाइन कंपनी ने एक बयान में कहा कि गुरुवार 17 फरवरी और शुक्रवार 18 फरवरी 2022 को एम्स्टर्डम (Amsterdam) में तूफानी मौसम के कारण एम्स्टर्डम एयरपोर्ट शिफोल (Amsterdam Airport Schiphol) से उड़ानों में बाधा पहुंच सकती है. 167 उड़ानों को रद्द कर दिया गया है. नीदरलैंड की मेट्रोलॉजिकल सर्विस (meteorological service) ने गुरुवार को तूफान यूनिस को लेकर चेतावनी जारी की है, जिसके शुक्रवार को देश में दस्तक देने की आशंका है.

पाकिस्तान ने सार्थक सहयोग दिया होता तो अफगानिस्तान में हालात अलग होते": अमेरिकी राजनयिक की दो टूक

इस्लामाबाद/वाशिंगटन. अफगानिस्तान मामले (Afghanistan) पर अमेरिका के शीर्ष राजनयिक थॉमस वेस्ट ने कहा है कि अगर पाकिस्तान (Pakistan) ने अफगानिस्तान में संघर्ष को समाप्त करने के लिए हुए समझौते को लेकर अधिक सार्थक व सुसंगत तरीके से अमेरिका के साथ सहयोग दिया होता, तो "हम आज एक अलग जगह पर होते." वेस्ट को अक्टूबर 2021 में अफगानिस्तान के लिए अमेरिका का विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था और अमेरिकी व नाटो बलों की वापसी तथा तालिबान के नियंत्रण के बाद अफगानिस्तान में अमेरिकी उद्देश्यों पर काम करने का जिम्मा सौंपा गया था.अमेरिका और तालिबान के साथ उसकी वार्ता के विषय पर मंगलवार को वाशिंगटन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वेस्ट ने कहा, "वार्ता के दौरान, जनवरी से अगस्त तक, और पहले के वर्षों में, हम कुछ कदमों के संबंध में पाकिस्तान के नेतृत्व के साथ बहुत निकट संपर्क में थे. हमने पाकिस्तान से बातचीत के जरिये इस संघर्ष के समाधान की संभावनाओं को बढ़ाने का आग्रह किया था."उन्होंने कहा, "अगर पाकिस्तान ने उनमें से कुछ कदम अफगानिस्तान में संघर्ष को समाप्त करने के लिए हुए समझौते को लेकर अधिक सार्थक व सुसंगत तरीके से अमेरिका के साथ सहयोग किया होता, तो हम आज एक अलग जगह पर होते."

भारत ने जेल की सजा पूरी करने के बाद 12 पाकिस्तानी कैदियों को स्वदेश भेजा गया

विदेश. विदेश मंत्रालय (Foreign Ministry) ने कहा है कि 12 पाकिस्तानी कैदियों (Pakistan Prisoners) को उनकी सजा पूरी होने के बाद गुरुवार को अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान वापस भेज दिया गया. मंत्रालय ने बताया कि भारत सभी मानवीय मामलों का निपटारा करने को सर्वोच्च महत्व देता है, जिसमें भारतीय कैदियों और पाकिस्तान से मछुआरों (Fishermen) की शीघ्र रिहाई और वापसी शामिल है. विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''सरकार के लगातार प्रयास से 2022 में अब तक पाकिस्तान की हिरासत से 20 भारतीय मछुआरों की रिहाई और उन्हें वतन लाने में सफल रहे हैं.''

भारत में पाकिस्तान उच्चायोग ने भी कहा कि गुरुवार को 12 पाकिस्तानी नागरिकों को स्वदेश भेजा गया. पाकिस्तानी उच्चायोग ने ट्वीट किया, ''पाकिस्तान के विदेश विभाग, भारत के विदेश मंत्रालय के साथ करीबी तालमेल से भारत में सजा पूरी कर चुके छह मछुआरों समेत 12 पाकिस्तानी नागरिकों को अटारी-वाघा सीमा के जरिए भेज दिया गया."उच्चायोग ने कहा कि वह उन सभी पाकिस्तानी कैदियों की शीघ्र स्वदेश वापसी के लिए अपने प्रयास जारी रखेगा, जिन्होंने भारत में अपनी सजा पूरी कर ली है.

उच्चायोग ने ट्वीट किया, ''आज पाकिस्तान में अपने परिवारों से फिर से मिलने वालों में एक वरिष्ठ नागरिक मुहम्मद नजीर (80 वर्ष से अधिक) भी हैं.'

एलन मस्क ने कनाडा के PM ट्रूडो की तुलना हिटलर से की, बवाल मचने पर डिलीट किया ट्वीट

न्यू यॉर्क. टेस्ला के सीईओ और दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तुलना एडॉल्फ हिटलर से कर दी। मस्क के इस ट्वीट से सोशल मीडिया पर तूफान सा खड़ा हो गया। उन्होंने कुछ समय बाद ही बिना कुछ कहे इसे डिलीट कर दिया। दरअसल, मस्क ने ट्रूडो की तुलना हिटलर से करते हुए मीम ट्वीट किया था जिसमें कहा गया, "मेरी तुलना जस्टिन ट्रूडो से करना बंद करो। मेरे पास बजट था।"अमेरिकी यहूदी समिति ने लाखों लोगों का नरसंहार करने वाले तानाशाह से ट्रूडो की तुलना को गलत बताया और मस्क से माफी मांगने को कहा। समीति ने एक बयान में कहा कि एक बार फिर मस्क ने सोशल मीडिया पर हिटलर के जिक्र का बेहद खराब फैसला लिया है। उन्हें इस अस्वीकार्य व्यवहार को रोकना चाहिए।

मस्क ने कमेंट की अपील का नहीं दिया जवाब

मस्क ने कमेंट करने की अपील का जवाब नहीं दिया। दरअसल, मस्क क्रिप्टोक्यूरेंसी ट्रेड पब्लिकेशन कॉइनडेस्क के उस पोस्ट का जवाब दे रहे थे, जिसमें ट्रूडो के आपातकालीन आदेशों का जिक्र था। इसमें उन प्रदर्शनकारियों के फंड में कटौती करने की बात कही गई है, जिन्होंने बॉर्डर पर आवाजाही रोक दी है और कनाडा की राजधानी में डेरा डाल दिया है। ट्विटर के एक प्रवक्ता ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनी ने ट्वीट पर एक्शन नहीं लिया।

कनाडा में कोरोना पाबंदियों के खिलाफ प्रदर्शन

कनाडा के इतिहास में दूसरी बार शांति कि स्थिति में

आपातकाल लगाया गया है। ट्रकों और अन्य वाहनों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने ओटावा की सड़कों को पिछले दो सप्ताह से बाधित कर रखा है। ये प्रदर्शनकारी कोविड-19 टीका लगवाने की अनिवार्यता और महामारी के कारण लागू अन्य प्रतिबंधों का विरोध कर रहे हैं। ट्रकों के काफिले ने ओंटारियो में विंडसर को अमेरिकी शहर डेट्रॉइट से जोड़ने वाले एम्बेसडर ब्रिज को अवरुद्ध कर दिया है जिससे दोनों देशों के बीच ऑटो पार्ट्स तथा अन्य उत्पादों का आयात-निर्यात बाधित हो गया है।प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए सेना बुलाने से इनकारपीएम ट्रूडो ने ट्रक ड्राइवरों से निपटने के लिए सेना बुलाने की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि समस्या से निपटने के लिए अन्य विकल्पों का इस्तेमाल किया जाएगा। ट्रक ड्राइवरों ने अमेरिका को कनाडा से जोड़ने वाले ऐंबेसडर ब्रिज को अवरुद्ध कर दिया है जिससे आयात और निर्यात भी रुक गया है। इससे कनाडा को बड़ा नुकसान हो रहा है।

स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति कोरोना पॉजिटिव

जिनेवा. स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस कोरोना पॉजिटिव है। ये जानकारी एक सरकारी बयान से सामने आई है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को बयान में कहा, बुधवार दोपहर में कन्फेडरेशन के अध्यक्ष इग्नाजियो कैसिस ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कोरोना टेस्ट करवाया। राष्ट्रपति की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिसके बाद से वह आइसोलेशन में हैं।इसमें कहा गया कि कैसिस में कोरोना का कोई लक्षण नहीं है और उनका स्वास्थ्य ठीक है और वह रविवार तक घर से काम करना जारी रखेंगे।

बयान में आगे कहा गया कि तब तक वह किसी भी

नियोजित कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे और इसलिए म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे, जो इस सप्ताह शुक्रवार और शनिवार को आयोजित किया जाएगा।स्विट्जरलैंड में गुरुवार से कोरोना महामारी के अधिकांश उपायों में ढील दी गई है, जिसमें दुकानों और रेस्तरां में मास्क अब अनिवार्य नहीं हैं, लोगों को इनडोर स्थानों में प्रवेश करने के लिए कोरोना सर्टिफिकेट दिखाने की जरूरत नहीं है और निजी सभाओं और बड़े आयोजनों में लोगों की संख्या पर लगे प्रतिबंध भी हटा लिए गए हैं।

डिस्क्लेमर: यह आईएएनएस न्यूज फीड से सीधे पब्लिश हुई खबर है. इसके साथ न्यूज नेशन टीम ने किसी तरह की कोई एडिटिंग नहीं की है. ऐसे में संबंधित खबर को लेकर कोई भी जिम्मेदारी न्यूज एजेंसी की ही होगी.

ब्राजील में भूस्खलन और बाढ़ से 94 लोगों की मौत, बड़ी संख्या में लोग लापता

रियो डि जनेरियो. ब्राजील की राजधानी रियो डि जिनेरियो के प्रशासन ने पेट्रोपोलिस शहर में बाढ़ और मिट्टी धंसने की घटनाओं में 94 लोगों की मौत की पुष्टि की है, वहीं अब भी बड़ी संख्या में लोग लापता हैं. रियो डी जनेरियो राज्य के गवर्नर क्लॉडियो कास्त्रो ने आपदा क्षेत्र का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'केवल दो घंटों में 240 मिमी के साथ 1932 के बाद से यह सबसे ज्यादा बारिश थी.' समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार रियो डी जनेरियो शहर से लगभग 68 किमी उत्तर में स्थित पहाड़ी शहर में भारी बारिश के कारण 50 से अधिक भूस्खलन हुए.

लापता लोगों की जानकारी नहीं

शहर के मेयर रूबेंस बोमटेंपो ने लापता लोगों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है. उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'हमें अभी सही संख्या की जानकारी नहीं है. यह बेहद मुश्किल भरा दिन था.' मंगलवार की इन घटनाओं के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी परिजन मलबे में

अपने लोगों को तलाश रहे हैं. राजधानी के सरकारी अभियोजन कार्यालय ने बुधवार को एक बयान जारी करके कहा कि उसने लापता 35 लोगों के नामों की सूची तैयार की है. लोगों ने तबाही के मंजर के वीडियो बना कर उन्हें सोशल मीडिया में साझा किया है, जिनमें घरों को मिट्टी में धंसे और कारों को मलबे के साथ बहते देखा जा सकता है.

400 लोग बेघर

राजधानी के गवर्नर क्लॉडियो कास्ट्रो ने कहा कि 400 लोग बेघर हो गए हैं और 24 लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है. ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने दुख की इस घड़ी में जनता के साथ खड़े होने की बात कही है. वह फिलहाल रूस की यात्रा पर हैं. 500 से अधिक ट्रक निकासी के लिए डोनेशन के साथ पेट्रोपोलिस पहुंचने लगे है. इस बीच, ब्राजील के दक्षिणपूर्वी क्षेत्र में बारिश के मौसम के बीच शुक्रवार को शहर में अधिक बारिश की चेतावनी मिली है.

रूस से तनाव के बीच ब्रिटेन ने खत्म की गोल्डन वीजा व्यवस्था

लंदन. ब्रिटिश सरकार ने यूक्रेन-रूस तनाव के बीच सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर अमीर विदेशी निवेशकों को निवास की पेशकश करने वाली गोल्डन वीजा व्यवस्था समाप्त कर दी है. गौरतलब है कि ब्रिटेन पर लगातार रूस के साथ अपने संबंधों की समीक्षा करने का दबाव बन रहा था. ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि टियर-1 निवेशक वीजा व्यवस्था ने भ्रष्ट अमीर लोगों को ब्रिटेन में पहुंच के अवसर प्रदान किए हैं. मंत्रालय ने कहा कि कुछ मामलों में इस वीजा के कारण सुरक्षा चिंताएं पैदा हुई हैं. उसने कहा कि कई मामलों में गैरकानूनी तरीके से धन कमाने वाले और भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों ने भी इस वीजा का अनुचित लाभ उठाया है.

ऐसे मिलता था गोल्डन वीजा ब्रिटेन में 20 लाख पाउंड (27 लाख अमेरिकी डॉलर) या उससे ज्यादा की राशि का निवेश करने वालों को देश में निवास करने की पेशकश की जाती है और उन्हें परिवार को भी साथ रखने की अनुमति दी जाती है. यह वीजा संबंधी यह नियम 2008 से प्रभावी है. सरकार ने कहा है कि वह तत्काल प्रभाव से सभी देशों के नागरिकों के लिए इस वीजा सुविधा को बंद कर रही है.

गोल्डन वीजा धारक ज्यादातर रूसी

ऐसे अधिकतर वीजा धारक रूसी हैं. आलोचक लंबे समय से यह सवाल करते रहे हैं कि क्या इस नीति के जरिये ब्रिटेन में धनशोधन की सुविधा प्रदान की जा रही है. यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की आशंका को देखते हुए ब्रिटेन में रूस की पहुंच को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं. गृह मंत्री प्रीति पटेल ने कहा कि सरकार का यह कदम अवैध धन/वित्त पर लगाम लगाने के लिए है. उन्होंने कहा, 'मैं सुनिश्चित करना चाहती हूं कि ब्रिटेन के लोगों का तंत्र में विश्वास बना रहे.'

पहली बार पाकिस्तान और सऊदी की सेना संग इजरायल ने किया अभ्यास, क्या हैं संकेत

वॉशिंगटन. इजरायल के पाकिस्तान और सऊदी अरब के साथ कूटनीतिक संबंध नहीं हैं, लेकिन इन दोनों ही देशों की नौसेना के साथ उसने सैन्य अभ्यास किया है। यहूदी देश के इस फैसले को मुस्लिम राष्ट्रों से उसके रिश्तों के नए दौर की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिकी नौसेना भी इस अभ्यास में शामिल थी। अमेरिकी नौसेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 60 सेनाओं के 9,000 सैनिक इस अभ्यास में शामिल थे, जिसे इंटरनेशनल मैरीटाइम एक्सरसाइज का नाम दिया गया था। इसकी शुरुआत 31 जनवरी को हुई थी। इस नौसैन्य अभ्यास में पाकिस्तान, सऊदी अरब, ओमान, कोमोरोस, जिबूती, सोमालिया, यमन जैसे देश शामिल थे। इन सभी देशों के इजरायल के साथ कूटनीतिक संबंध नहीं हैं। इन अभ्यास में बहरीन और यूएई जैसे देश भी शामिल थे, जिनसे इजरायल के

रिश्ते बीते कुछ वक्त में सामान्य हुए हैं। बहरीन की अमेरिका से भी करीबी दोस्ती है। अमेरिकी नौसेना ने कहा कि हर साल इस तरह का सैन्याभ्यास किया जाता है, जिसकी शुरुआत 2012 में की गई थी। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक पहली बार यहूदी देश की सेना ने इस अभ्यास में हिस्सा लिया है। खासतौर से उन देशों की सेनाओं के साथ उसकी मिलिट्री ने अभ्यास किया है, जिनके साथ उसके रिश्तों में खटास रही है और आज तक कूटनीतिक संबंध नहीं रहे हैं। इजरायली नौसेना के प्रमुख डेविड सालमा ने एक बयान में कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाले अभ्यास में शामिल होने का अर्थ है कि हमारी सेना, ताकत और अभ्यास के बीच एक साझा संबंध है। हम रणनीतिक साझेदारी की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने अमेरिकी साझेदारों के साथ मैरीटाइम एरिया में आतंकवाद को रोकने के लिए खुद को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। बता दें कि पाकिस्तान, सऊदी अरब समेत तमाम इस्लामिक मुल्कों ने इजरायल को मान्यता प्रदान नहीं की है और उसके साथ उनके कूटनीतिक रिश्ते नहीं हैं। ऐसे में सैन्य अभ्यास में इजरायल का शामिल होना अहम है।

अमेरिकी राजनयिक का विश्लेषण: पाकिस्तानी असहयोग से बिगडे अफगान हालात

वाशिंगटन । अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद स्थितियां लगातार खराब हो रही हैं। अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि व शीर्ष राजनयिक थॉमस वेस्ट का मानना है कि पाकिस्तान के असहयोग के कारण अफगानिस्तान के हालात बिगड़े हैं। थॉमस वेस्ट की गिनती अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों में होती है। पिछले वर्ष अगस्त में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता संभालने के बाद अक्टूबर में थॉमस वेस्ट को अफगानिस्तान के लिए अमेरिका का विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था। उन्हें अमेरिकी व नाटो बलों की वापसी तथा तालिबान के नियंत्रण के बाद अफगानिस्तान में अमेरिकी उद्देश्यों पर काम करने का जिम्मा सौंपा गया था। अमेरिका और तालिबान के साथ उसकी वार्ता के विषय पर मंगलवार वाशिंगटन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वेस्ट ने साफ कहा कि अफगानिस्तान के बिगड़ते हालातों के लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में संघर्ष को समाप्त करने के लिए हुए समझौते को लेकर अधिक सार्थक व सुसंगत तरीके से अमेरिका के साथ सहयोग दिया होता, तो आज स्थितियां बिल्कुल अलग और नियंत्रण में होतीं। वेस्ट ने दावा किया कि जनवरी से अगस्त तक और पहले के वर्षों में भी वार्ता के दौरान अधिकांश संदर्भों में अमेरिकी टीम पाकिस्तान के नेतृत्व के साथ निकट संपर्क में थे। अमेरिकी टीम ने पाकिस्तान से बातचीत के जरिये इस संघर्ष के समाधान की संभावनाओं को बढ़ाने का आग्रह किया था। यदि पाकिस्तान ने अफगान में संघर्ष को समाप्त करने के लिए हुए समझौते को लेकर अधिक सार्थक व सुसंगत तरीके से अमेरिका के साथ सहयोग किया ।

यूक्रेन की सीमा के आसपास जमा डेढ़ लाख से अधिक रूसी सैनिक हमले की तैयारी में : अमेरिका

➤ **म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के लिए जाने से पहले सुरक्षा परिषद को संबोधित करने न्यूयॉर्क पहुंचे ब्लिंकन ने कहा कि पिछले महीनों में, ''उकसावे या औचित्य' के बिना, रूस ने यूक्रेन की सीमाओं के आसपास 150,000 से अधिक सैनिकों को इकट्ठा किया है.**

संयुक्त राष्ट्र: अमेरिका ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि उसकी जानकारी स्पष्ट रूप से इंगित करती है कि यूक्रेन की सीमाओं के आसपास 150,000 से अधिक रूसी सैनिक 'आने वाले दिनों में' यूक्रेन पर हमला करने की तैयारी कर रहे हैं. अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, ''जब हम आज बैठक कर रहे हैं, शांति और सुरक्षा के लिए सबसे तात्कालिक खतरा यूक्रेन के खिलाफ रूस की बढ़ती आक्रामकता है.''

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के लिए जाने से पहले सुरक्षा परिषद को संबोधित करने न्यूयॉर्क पहुंचे ब्लिंकन ने कहा कि पिछले महीनों में, ''उकसावे या औचित्य' के बिना, रूस ने यूक्रेन की सीमाओं के आसपास 150,000 से अधिक सैनिकों को इकट्ठा किया है.

Ukraine Russia संकट पर यूरोपीय संघ के नेताओं ने की चर्चा, कहा- "हम पीछे नहीं हटेंगे"

उन्होंने कहा, ''रूस का कहना है कि वह उन सैनिकों को पीछे हटा रहा है. हमें जमीनी स्तर पर ऐसा होता नहीं दिख रहा हैं. हमारी जानकारी स्पष्ट रूप से इंगित करती है कि जमीनी सैनिक, विमान, जहाजों सहित ये बल आने वाले दिनों में यूक्रेन पर हमला शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं.

ब्लिंकन ने कहा कि इसमें यूक्रेन के अलावा भी काफी कुछ दांव पर है और यह लाखों लोगों के जीवन और सुरक्षा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट चार्टर का आधार और दुनिया भर में स्थिरता को बनाए रखने वाली 'नियम-आधारित' अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए संकट का क्षण है. यह संकट इस परिषद के प्रत्येक सदस्य और दुनिया के हर देश को सीधे प्रभावित करता है क्योंकि बुनियादी सिद्धांत जो शांति और सुरक्षा बनाए रखते हैं, सिद्धांत जो दो विश्व युद्धों और एक शीत युद्ध के मद्देनजर स्थापित किए गए थे, वे खतरे में हैं.इससे पहले दिन में, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इस बात के कई संकेत हैं कि रूस अगले कुछ दिनों में यूक्रेन पर हमला कर सकता है.

अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला : क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले में ईडी की ओर से दर्ज मामले में आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। हाई कोर्ट ने 20 जनवरी को भी सीबीआई की ओर से दर्ज मामले में मिशेल की ओर से दायर जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। मिशेल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए 8 फरवरी को ईडी ने कहा था कि आरोपित के खिलाफ जिन आरोपों का ट्रायल चलाने के लिए प्रत्यर्पित करके भारत लाया गया है उन आरोपों का ट्रायल किया जा सकता है। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने मिशेल के वकील की इस दलील का विरोध किया था कि इटली की कोर्ट ने मिशेल को सभी आरोपों से बरी कर दिया था। उन्होंने कहा था कि इटली की कोर्ट में ईडी पक्षकार नहीं थी। उन्होंने मिशेल की ओर से पेश की गई इस दलील का भी विरोध किया जिसमें कहा गया था कि मिशेल को संयुक्त अरब अमीरात से रिश्वतखोरी के मामलों की जांच के लिए प्रत्यर्पित कर लाया गया था। इसके लिए राजू ने प्रत्यर्पण संधि की धारा 17 का हवाला दिया। ईडी ने 4 फरवरी को कहा था कि अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले में भारतीय वायु सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी लिप्त थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506